राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 122 पृष्ठः 10 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल की तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

# पहलवान वापस करेंगे मेडल !

## धरने पर बैठे पहलवान अपना मेडल वापस करेंगे, संघ के अध्यक्ष की गिरफ्तारी और इस्तीफे की मांग पर अड़े

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारतीय** कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरने पर बैठे पहलवान का 12वां दिन है। संघ के अध्यक्ष की गिरफ्तारी और इस्तीफे की मांग पर अड़े पहलवान अब मेडल वापसी की बात कह रहे हैं। धरने में शामिल महिला पहलवान विनेश फोगाट ने गुरुवार को कहा कि वो सभी लोग अपने-अपने मेडल वापस करेंगे। विनेश ने कहा कि उनका करियर दांव पर लगा हुआ है। वहीं, धरने में शामिल पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा है कि मामले में गिरफ्तारी हो जाएगी तो हम सब चले जाएंगे। इधर पहलवानों के साथ हुए हंगामा के बाद सुबह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का बयान आया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि देश के चैम्पियन खिलाड़ियों के साथ इतना गलत बर्ताव क्यो..? ये बेहद दुखद और शर्मनाक है। घमंड में पूरी भाजपा का दिमाग खराब हो चुका है। ये लोग सिर्फ गुंडागर्दी से सारा सिस्टम हांकना चाहते हैं। इन्होंने पूरे सिस्टम का मजाक बनाकर रख दिया है। देश के सभी लोगों से मेरी अपील- अब बस अब और नहीं भाजपा की गुंडागर्दी बर्दाश्त मत करो, भाजपा को उखाड़ने के साथ अब इन्हें भगाने का वक्त भी आ गया है। इस बीच पुलिस ने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को सिविल लाइन थाने से सुबह रिहा किया। इसके बाद फिर वह पहलवानों से मिलने जंतर-मंतर पर पहुंची। स्वाति का आरोप है कि दिल्ली पुलिस पूरी तरह से गुंडागर्दी पर उतारू हो गई है।

### किसानों के जंतर मंतर पहुंचने की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के जंतर-मंतर पर चल रहे पहलवानों के प्रदर्शन को लेकर दिल्ली के अन्य राज्यों से लगने वाली सीमाओं पर पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। इसके साथ ही, सभी बॉर्डर पर पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। इसी कड़ी में दिल्ली के हरियाणा के फरीदाबाद से लगने वाली सीमा बदरपुर बॉर्डर पर गुरुवार सुबह से चौकसी बढ़ाई गई है।



## भाजपा सरकार के लिए 'बेटी बचाओ' सिर्फ ढोंग : राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों पर हुए कथित दुर्व्यवहार पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि देश के खिलाड़ियों के साथ ऐसा बर्ताव शर्मनाक है। बेटी बचाओ' बस ढोंग है! राहुल गांधी ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि देश के खिलाड़ियों के साथ ऐसा बर्ताव शर्मनाक है। 'बेटी बचाओ' बस ढोंग है! असल में भारतीय जनता पार्टी भारत की बेटियों पर अत्याचार करने से कभी पीछे नहीं हटी है। उल्लेखनीय है कि कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर कुछ महिला पहलवानों ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। बीती रात धरने पर बैठे खिलाडियों और पुलिस के बीच कथित झगड़े का मामला सामने आया। खिलाड़ियों का आरोप है कि पुलिस ने उनपर लाठियां चलाईं, जिससे कुछ लोगों को चोटें आई हैं। हालांकि डीसीपी प्रणव तयाल का कहना है कि जंतर-मंतर पर पहलवानों के धरने के दौरान आप नेता सोमनाथ भारती बिना इजाजत के फोल्डिंग बेड लेकर धरनास्थल पर आए। जब पुलिस ने इसके लिए मना किया तो पहलवान आक्रामक हो गए और ट्रक से बेड निकालने की कोशिश की।

## जम्मू-कश्मीर में लश्कर के दो आतंकी ढेर



**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**

**जम्मू-कश्मीर** के बारामूला में वनिगम पायीन क्रेरी इलाके में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को 2 आतंकवादियों को ढेर कर दिया। तड़के इलाके में आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद वहां सर्च ऑपरेशन चलाया गया। आतंकियों ने फायरिंग की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। कश्मीर जोन पुलिस ने ट्वीट कर बताया कि यह पुलिस और सेना का जॉइंट ऑपरेशन था। जिसे 29RR, सेंट्रल रिजर्व पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मिलकर चलाया। आतंकियों के पास से 1 AK-47, 1 पिस्टल और गोला बारूद बरामद किया गया है। ADGP कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि मारे गए दोनों आतंकवादी स्थानीय थे।

## 'कार्यकर्ताओं की मांग का सम्मान होगा'



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**शरद** पवार के एनसीपी अध्यक्ष पद से इस्तीफे का पार्टी कार्यकर्ता लगातार विरोध कर रहे हैं। इस पर पवार ने गुरुवार को कहा कि कार्यकर्ताओं की मांग का सम्मान किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे दुख है कि कार्यकर्ताओं से बिना बात किए ही मैंने इस्तीफा दे दिया। अब 5 मई को 15 सदस्यीय कमेटी जो फैसला लेगी, मुझे मंजूर होगा। इधर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने भी उनसे फैसला वापस लेने की अपील की थी। एनसीपी सूत्रों के मुताबिक मंगलवार को शरद पवार के इस्तीफे के ऐलान के कुछ घंटों के अंदर ही दोनों ने सुप्रिया सुले को फोन करके यह बात कही थी। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि राहुल और स्टालिन दोनों ही यह जानना चाहते थे कि पवार ने पार्टी अध्यक्ष का पद छोड़ने का फैसला क्यों किया है। दोनों नेताओं ने पवार की बेटी और एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले को फोन करके कहा था कि वे अपने पिता को इस्तीफा वापस लेने के लिए मनाएं। दोनों का कहना था कि पवार को अपने फैसले के बारे में फिर से सोचना चाहिए। 82 साल के एनसीपी चीफ शरद पवार ने मंगलवार को जब इस्तीफे का ऐलान किया, उसके बाद से ही पार्टी कार्यकर्ता उनके फैसले का विरोध कर रहे हैं। एनसीपी सूत्रों के हवाले पता चला है कि पवार के अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद कई गैर-भाजपा पार्टियों के नेताओं ने उन्हें अगले लोकसभा चुनाव पार्टी अध्यक्ष बने रहने की सलाह दी थी। बुधवार को पवार ने भी कहा था कि उन पर इस्तीफा वापस लेने के लिए भारी दबाव है।

## भाईचारे का सरदार चला गयाः शाह

### पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल की अंतिम अरदास हुई, कड़े विरोध के बाद भी एकता के लिए डटे रहेः अमित शाह

**आंखे हुई नम**

- **बादल साहब के हमारे बीच में न रहने से जो क्षति हुई है, उसे भर पाना मुश्किल हैः केंद्रीय गृह मंत्री**

**टीम एक्शन इंडिया/बादल (मुक्तसर)**



**पंजाब** के पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल की अंतिम अरदास हुई। पैतृक गांव बादल में आयोजित समागम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी पहुंचे। गृह मंत्री ने पहुंचते ही पूर्व सीएम बादल को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि बादल साहब के हमारे बीच में न रहने से जो क्षति हुई है, उसे भर पाना मुश्किल है। सिखों ने अपना सिपाही, देश ने भगत खोया है। किसानों ने अपना सच्चा हम दर्द खोया है। 70 साल के सार्वजनिक जीवन के बाद कोई चला जाए और कोई दुश्मन ना हो, यह संभव नहीं। लेकिन प्रकाश सिंह बादल उसकी मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि मैं कई बार बादल साहब से मिला। जब भी मिला कुछ सीखने को मिला।

## बिहार में जातीय गणना पर हाईकोर्ट की रोक


**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार में** हो रही जातीय गणना पर गुरुवार को पटना हाईकोर्ट ने रोक लगा दी। चीफ जस्टिस विनोद चंद्रन की बेंच ने आदेश दिया है कि गणना तत्काल रोकी जाए। इससे पहले हाईकोर्ट में मामले को लेकर 2 दिन सुनवाई हुई थी। इसके बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाईकोर्ट ने कहा कि अब तक जो डेटा कलेक्ट हुआ है, उसे नष्ट नहीं किया जाए। मामले पर अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि जाति आधारित गणना सर्वसम्मति से कराई जा रही है। हम लोगों ने केंद्र से इसकी अनुमति ली है। हम पहले चाहते थे कि पूरे देश में जाति आधारित जनगणना हो, लेकिन जब केंद्र सरकार नहीं मानी तो हम लोगों ने जाति आधारित गणना सह आर्थिक सर्वे कराने का फैसला लिया।

**निगम चुनाव** देश के पहले नगर निगम पर पूर्ण बहुमत से कांग्रेस का कब्जा

## शिमला कांग्रेस के साथ, भाजपा का सूपड़ा साफ

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**



**देश** के सबसे पुराने व हिमाचल की राजनीति में मिनी विधानसभा के नाम से विख्यात नगर निगम शिमला के चुनाव में कांग्रेस ने जीत का परचम लहराया है। 2 मई को हुए चुनाव के मतों की हुई गणना में कांग्रेस ने 24 सीटें हासिल कर पूर्ण बहुमत के साथ नगर निगम पर कब्जा कर लिया है। नगर निगम के सभी 34 वार्डों के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार 24 सीटों पर विजयी रहे हैं। भाजपा केवल 9 सीटों पर सिमट कर रह गई जबकि एक सीट पर माकपा उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। इसी के साथ पांच सालों तक नगर निगम शिमला पर राज करने वाली भाजपा का सूपड़ा साफ हो गह है। नाबकी आम आदमी पार्टी अपने किसी भी उम्मीदवार कज जमानत भी नहीं बचा पाई। विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की हिमाचल में ये दूसरी बड़ी जीत है। पार्टी ने पालमपुर नगर निगम में वार्ड नम्बर दो के लिए हुए उपचुनाव को भी जीत लिया है। यहां कांग्रेस की राधा सूद विजयी फाही हैं।वार्ड नम्बर एक भराड़ी से भाजपा की मीना चौहान विजयी रही। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस उम्मीदवार जितेंद्र चौधरी को पराजित किया। वार्ड नम्बर दो रूलदू भट्टा से भाजपा की सरोज ठाकुर ने कांग्रेस की सत्या वर्मा को पराजित किया। वार्ड नम्बर तीन कैथू से कांग्रेस की कांता सुयाल विजयी रही। उन्होंने भाजपा के कमलजीत को पराजित किया।

वार्ड नम्बर चार अनाडेल से कांग्रेस उम्मीदवार उर्मिला कश्यप को विजयी घोषित किया गया।



# अभय का चाय पर स्वागत है: हुड्डा

## जंतर मंतर पर महिला पहलवानों पर पुलिस की बर्बरतापूर्ण कार्रवाई बेहद निंदनीय'

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि वह पूर्व सीएम हुड्डा को फोन कर उनके घर पर चाय पीने जाएंगे, शाम को पूर्व सीएम हुड्डा के पास फोन करेंगे, वह चाय पिलाएं या नहीं यह उन पर निर्भर है। अभय चौटाला के चाय पीने के ब्यान पर पूर्व सीएम हुड्डा ने कहा कि अभय चौटाला चाय पीने आएं, उनका स्वागत है और तीन पीढियों के साथ उनके परिवार का संबंध रहा है। साथ ही अभय चौटाला ने दिल्ली जंतर मंतर पर धरनारत महिला पहलवानों पर पुलिस की बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा की।यह बात उन्होंने वीरवार को सर्किट हाऊस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह सरकार धरना देने और जो पहलवानों को समर्थन देने आए उन लोगों द्वारा फोटो खिंचवाने और भाषण देने से समझने वाली



नहीं है, सरकार को उसी की भाषा में समझाना पड़ेगा। इसके लिए पूरे हरियाणा के लोगों को सख्त कदम उठाना पड़ेगा। उन्होंने सभी खाप पंचायतों, सामाजिक संगठनों और सभी राजनीतिक पार्टियों से आह्वान किया कि इसके लिए सर्वदलीय बैठक बुलाएं और अगर वो पहल नहीं करते हैं तो हम अपनी तरफ से सर्वदलीय बैठक के लिए सभी को लिखेंगे और एक ठोस निर्णय लेंगे, जिससे सरकार को चेताया और समझाया जा सके। इनेलो नेता अभय चौटाला ने कहा कि धरनारत पहलवानों ने प्रधानमंत्री को एक चिट्ठी लिख कर मांग की थी कि कुश्ती संघ के प्रधान बृज भूषण ने महिला पहलवानों के साथ यौन शोषण किया है, इसलिए उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, लेकिन बजाय अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई करने के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार ने बेहद निम्न स्तर की कार्रवाई करते हुए पुलिस को पहलवानों पर बर्बरता करने के आदेश दे दिए। यात्रा के दौरान पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के घर भी जाने को लेकर उन्होंने कहा कि अगर हुड्डा घर पर होंगे तो वह उनसे मिलेगे और पूर्व सीएम चाय पिलाएंगे तो वह चाय भी पिएंगे। इनेलो नेता अभय चौटाला ने कहा कि अब इनेलो की रेल चल पड़ी है, जो चढ़ जाएगा वो पार हो जाएगा और अब तो इनेलो में कोई उतरने वाला नहीं है अब तो सिर्फ चढने वाले ही ह। उन्होंने कहा कि 25 सितंबर को ताऊ देवीलाल के जन्मदिवस पर परिवर्तन यात्रा के समापन पर आयोजित होने वाली रैली में जो हमारे साथ मंच सांझा करना चाहेंगे और हरियाणा के हितों के लिए लडना चाहते हैं उन सभी को आमंत्रित करूंगा।

### बारिश में भीगा करोड़ों का गेहूं, खराब गेहूं भरा जा रहा बोरियों में

**हिसार।** पिछले तीन दिनों से चल रही बूंदाबांदी व बारिश की वजह से उकलाना की नई अनाज मंडी में रखा करोड़ों का गेहूं भीग गया है। अधिकारियों की मिलीभगत से भीगा हुआ खराब गेहूं सरकारी बोरियों में भरा जा रहा है। अनाज मंडी में इस समय गेहूं के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं। बरसात में गेहूं भीग चुका है जिससे गेहूं में बदबू आने लगी है। सरकारी कट्टों में भरकर भेजा जा रहा है जबकि अब न तो कोई खरीद एजेंसी इसकी सत्यता की जांच कर रही है कि कितनी नमी है।

# सहकारी चीनी मिलों ने रिकॉर्ड उत्पादन किया: बनवारी लाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के सहकारिता मंत्री डॉक्टर बनवारी लाल ने कहा कि सहकारी चीनी मिलों का इस बार बेहतर प्रदर्शन रहा है तथा 10.75 प्रतिशत चीनी का उत्पादन करके शाहबाद मिल ने इस साल 7.50 लाख क्विंटल चीनी उत्पादन का रिकॉर्ड कायम किया है। सहकारिता मंत्री ने आज राज्य के एकमात्र कुरुक्षेत्र - शाहबाद में चल रहे एथनॉल प्लांट, चीनी मिल, वीटा प्लांट का दौरा कर उत्पादन का अवलोकन किया और चीनी , एवं बिजली उत्पादन सहित प्रतिदिन की जा रही क्रेशिंग के बारे में भी जानकारी ली। सहकारिता मंत्री ने कहा कि चीनी मिल ने किसानों की 80 प्रतिशत गन्ने की लगभग 263 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान कर दिया है शेष राशि का जल्द ही भुगतान कर दिया जाएगा। सरकार का प्रयास है कि समय पर किसानों को गन्ने की पेमेंट मिले और चीनी मिलें भी आत्मनिर्भर बनें । शाहबाद प्लांट को प्रदूषण



मुक्त बनाने के लिए भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि चीनी मिलों में किसानों के लिए कैंटीन एवं विश्राम गृह की भी सुविधाएं भी मुहैया करवाई गई हैं । शाहबाद मिल हर रोज हजारों क्विंटल गन्ने की पिराई कर रही है। इसके अलावा मिल में 60 के एल पी एथेनॉल बनाए जाने के लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 53 केएलपी एथेनॉल का उत्पादन किया है। इथेनॉल उत्पादन का लक्ष्य अवश्य पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस प्लांट के प्रदर्शन के आधार पर ही राज्य की अन्य मिलो में भी एथनॉल प्लान लगाए जा रहे हैं ताकि मिलो को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि मिल ने 5 करोड़ यूनिट बिजली उत्पादन का लक्ष्य भी पूरा कर लिया है।

## पार्षद की देखरेख में राई गांव के लोगों ने प्रापर्टी आईडी सुधार कैंप लगवाया

**टीम एक्शन इंडिया/राई।** निगम के वार्ड 8 गांव राई में प्रापर्टी आईडी में आ रही दिक्कत को दूर करने के लिए वीरवार को कम्यूनिटी हाल में प्रॉपर्टी आईडी सुधार संबंधी विशेष कैंप लगाया गया। शिविर में निगम के पार्षद पुनीत राई ने वार्ड के लोगों को जागरूक कर ज्यादा से ज्यादा लोगों की समस्याओं को दूर करवाया। निगम पार्षद पुनीत राई ने बताया कि प्रॉपर्टी आईडी सुधार संबंधी विशेष कैंप अलग- अलग जगहों पर 3 से 14 मई तक लगाए जाएंगे। निगम पार्षद पुनीत राई ने बताया कि 4 मई को वार्ड 7, 8 में, 5 मई को वार्ड 9,10 में, 6 मई को वार्ड 11, 12 में , 7 मई को 13, 14 में, 8 मई को वार्ड 15 में कैंप



लगाए जाएंगे। पार्षद पुनीत राई ने वार्डों के लोगों से आह्वान किया कि वे प्रोपर्टी आईडी में नाम, एरिया, कैटेगिरी आदि की गलती को उक्त वार्डों के लोग ठीक करवा सकते है। उन्होंने कहा कि कई दिनों से शहर के सभी पार्षदों तथा आम नागरिकों की ओर से प्रॉपर्टी आईडी ठीक करने के संबंध में विशेष कैंप लगाने की मांग रखी गई थी। पुनीत राई ने बताया कि अपनी प्रॉपर्टी आईडी में कोई भी त्रुटि को ठीक करवाने के लिए संबंधित दस्तावेज लेकर समय पर पहुंचे।

### चेक बांउस मामले में उद्घोषित अपराधी गिरफ्तार

**सोनीपतः** शहर थाना सोनीपत पुलिस ने चेक बाउंस मामले में उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संदीप निवासी विकास नगर का है। जांच अधिकारी आनंद ने बताया कि वर्ष 2018 में चेक बाउंस मामले में अदालत ने आरोपित को वर्ष 2023 में उद्घोषित अपराधी घोषित किया था। मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपित के खिलाफ कोर्ट की अवमानना करने का मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे जमानत मिल गई।

## डा. धनखड़ आईकॉन हेल्थ केयर लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/राई।** जी टी रोड स्थित एलडिकों संजोग अस्पताल के संचालक एवं बाल रोग, एलर्जी व दमा रोग कंसलटेंट डा. जोगिंदर धनखड़ को आईकॉन हेल्थ लीडरशिप अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। प्रतिष्ठित गोल्डन ऐप द्वारा 30 अप्रैल को दिल्ली में गोल्डन ऐप का 11 वें डायग्नोस्टिक बिजनेस सॉल्यूशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आईकॉन अवार्ड से सम्मानित डा. जोगिंदर धनखड़ को एलडिकों संजोग अस्पताल के डा. व सीता अस्पताल के एमडी डा. संजय जैन, डा. सुनिरा जैन व राठी नर्सिंग अस्पताल के संचालक डा. वेद प्रकाश राठी, सोनीपत के मित्तल नर्सिंग होम के बाल रोग विशेषज्ञ डा. एन के मित्तल सहित कई डॉक्टरों ने बधाई दी है। डा.संजय जैन ने कहा कि डा. जोगिंदर धनखड़ शुरू से ही स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर



**▶▶ गोल्डन ऐप द्वारा 30 अप्रैल को दिल्ली में गोल्डन ऐप का 11 वें डायग्नोस्टिक बिजनेस सॉल्यूशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया**

काफी गम्भीर रहे। डॉक्टर जैन ने कहा कि एल्डिको में संजोग हॉस्पिटल की स्थापना की है। उसमें एलर्जी और दमे के मरीजों का बहुत ही अच्छा व सस्ता इलाज किया जा रहा है, जिससे मरीजों को बहुत फायदा मिल रहा है। डा.धनखड़ ने कहा कि यह अवार्ड उनके सेवा कार्यों को लेकर उन्हें मिला है इसके बाद उनकी जिम्मेदारी ओर बढ़ गई है। उनका भविष्य में भी प्रयास रहेगा कि वह बेहतर ढंग से लोगों चिकित्सा के माध्यम से सेवा करते रहेंगे।

## किसानों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** सोनीपत व अन्य जिलों से किसानों का जत्था दिल्ली जाने के लिए नेशनल हाईवे पर केजीपी-केएमपी जीरो प्वाइंट पर पहुंचा। यहां से किसान दिल्ली के सिंघु बॉर्डर पर पहुंचे तो उन्हें हिरासत में ले लिया। किसान नेताओं को दिल्ली के बवाना थाना में रखा गया है। वहीं सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार व मेयर निखिल मदान अपने साथियों के साथ पुलिस को चकमा देकर दिल्ली पहुंचे और पहलवानों से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। दिल्ली कूच को रोकने के लिए सिंघु बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस के बैरिकेड लगाने से हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। वाहन रेंगते हुए नजर आए। बुधवार रात को दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहलवानों व दिल्ली पुलिस की झड़प और बजरंग पूनिया के आह्वान पर सोनीपत से सैकड़ों युवा रात को ही दिल्ली रवाना हो गए।
वहीं वीरवार सुबह किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ अन्य किसानों के साथ पहले केजीपी-केएमपी जीरो प्वाइंट पर एकत्रित हुए। यहां से किसान नेता जब दिल्ली क्षेत्र के सिंघु बॉर्डर पर पहुंचे तो दिल्ली पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक लिया। इस दौरान किसानों के साथ धक्का-मुक्की कर उन्हें हिरासत में ले लिया। इस दौरान किसान नेता अभिमन्यु कुहाड़ ने चेतावनी दी कि पुलिस उन्हें घसीटे, सिर फोड़े या जान से मार दे, लेकिन किसानों ने ठान लिया है कि वह जंतर मंतर पर जरूर पहुंचेंगे। इस दौरान उन्हें हिरासत में लेकर दिल्ली के बवाना स्थित थाने में ले जाया गया। उनके साथ पंजाब से आए किसान प्रतिनिधि भी थे।

## दिल्ली के रास्तों पर सोनीपत पुलिस ने लगाए बैरीकेड्स

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**किसानों** के दिल्ली कूच के आह्वान को देखते हुए पुलिस ने तैयारियां आरंभ कर दी हैं। जिले से होकर दिल्ली को जाने वाले प्रमुख मार्गों पर पुलिस ने बैरीकेड्स लगा दिए हैं और लोगों की निगरानी शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक किसी को दिल्ली जाने से रोका नहीं जा रहा है, उसके बावजूद तैयारियां पूरी है।
अधिकारियों का आदेश मिलते ही दिल्ली का आवागमन नियंत्रित किया जा सकेगा।
पहलवान अपनी मांगों को लेकर दिल्ली में धरने पर बैठे है। उनका सहयोग करने के लिए किसानों के जत्थे भी दिल्ली जाने शुरू हो गए है। हरियाणा की कई खाप ने पहलवानों को समर्थन देने के साथ ही धरने पर बैठने का एलान कर दिया है। ऐसे में दिल्ली में धरनास्थल पर लोगों का जमावड़ा ज्यादा संख्या में हो सकता है। इससे कानून व्यवस्था के साथ ही अन्य समस्याएं भी सामने आ सकती है।

## लहरी सिंह पार्क, रेलवे सिटीजन पार्क गांधी नगर और पंडित चिरंजीलाल पार्क में लगवाई जाएगी ओपन जिम

**गन्नौर।** शहर के तीन पार्कों में नगरपालिका द्वारा ओपन जिम लगाई जाएगी। शहर के लहरी सिंह पार्क, रेलवे सिटीजन पार्क और पंडित चिरंजीलाल पार्क में ओपन जिम में विभिन्न उपकरण लगाए जाएंगे। तीनों पार्कों में बड़ी संख्या में शहरवासी सुबह-शाम घूमने आते हैं। इसी को देखते हुए नगरपालिका ने 5-5 लाख रुपए की लागत से ओपन जिम बनवाए जाएंगे। इसके लिए नगरपालिका द्वारा टेंडर भी ओपन कर दिए गए हैं। जल्द ही टेंडर अलाट कर ओपन जिम स्थापित करवाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। जिसके बाद शहरवासियों को सेहत बनाने के लिए अपनी जेब खाली करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अभी तक केवल रेलवे रेलवे सिटीजन पार्क किशन पुरा में ही ओपन जिम है। शहर के लहरी सिंह पार्क, रेलवे सिटीजन पार्क गांधी नगर और पंडित चिरंजीलाल पार्क में नगरपालिका द्वारा 5-5 लाख रुपए की ओपन जिम के उपकरण स्थापित करवाने के साथ ही उनकी रिपेयरिंग भी कराई जाएगी।

## लहरी सिंह पार्क में मुख्यमंत्री परिवार उत्थान मेला आज

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
मुख्यमंत्री परिवार उत्थान के तीसरे चरण के तहत नगर पालिका के चौधरी लहरी सिंह पार्क में शुक्रवार को मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले की तैयारियां शुरू कर दी है। एसडीएम डा. अनुपमा मलिक ने बताया कि मेले में नगर पालिका और ब्लाक से परिवार पहचान पत्र के माध्यम से चयनित एक लाख अस्सी हजार से कम वार्षिक आय वाले 333 परिवारों को आमंत्रित किया है। जिसमें 56 परिवार शहरी व 277 परिवार ग्रामीण एरिया से होंगे। एसडीएम ने कहा कि प्रदेश में अंत्योदय की चाह रखने वाले मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में जरूरतमंद परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए मुख्यमंत्री



अंत्योदय परिवार उत्थान योजना लागू की गई है। प्रदेश सरकार द्वारा जरूरतमंद लोगों और जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है तथा जिनके पास आय के बिल्कुल कम साधन थे उनको चिन्हित कर अंत्योदय मेलों के माध्यम से ण देकर उन्हें आय बढ़ाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। मेले में आने वाले चिन्हित लाभार्थियों का मार्गदर्शन कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि लाभार्थी, मेले में लगाए गए 18 विभागों की स्टाल पर 55 स्कीमें बताई जाएंगी, जिनमें से किसी एक स्कीम का लाभ अवश्य ले ताकि उसकी मासिक आय में वृद्धि करते हुए उसे 15 हजार तक ले जाया जा सके। उन्होंने बताया कि रोजगार कार्यालय द्वारा मेले के उपरांत रोजगार पाने के इच्छुक प्रार्थियों का मार्गदर्शन कर उन्हें उनके कौशल और उनकी इच्छा के अनुरूप विभिन्न औद्योगिक संस्थानों में समायोजित करने की प्रकिया अपनाई जाएगी।

### घर से इंवेटर व बैटरी चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपतः कुंडली** थाना क्षेत्र स्थित सुशांत सिटी में घरस इंवेटर व बैटरी चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। अंसल सुशांत सिटी निवासी गिरिश कुमार ने बताया कि वह अपने काम से उत्तर प्रदेश चला गया था। वहां से वापिस सीधा 2 मई को डयूटी पर चला गया। वापिस आया तो मकान से इंवेटर व बैटरी गायब मिला। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

## बस अड्डे में भरा ड्रेन नंबर-6 का दूषित पानी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**शहर** स्थित बस अड्डे में बस स्डैंड की दीवार से गुजरने वाली ड्रेन नंबर-6 का गंदा दूषित पानी भर गया। बस परिसर में करीब एक फीट तक पानी घुस गया। जिसके चलते बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों व रोडवेज कर्मचारियों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ा। देर शाम तक बस परिसर में कीचड़ व गंदगी भरी पड़ रही। ऐसे में यात्रियों व रोडवेज कर्मियों ने प्रशासन से मांग की कि समस्या का जल्द ही स्थाई समाधान किया जाए, ताकि उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े।
बता दें कि शहर में सीवरेज व्यवस्था व गंदे पानी की निकासी

**▶▶ बारिश के चलते व ड्रेन के निर्माणकार्य को लेकर पानी निकासी की समस्या बनी हुई हैं**

को लेकर ड्रेन नंबर-6 को ढकने का काम किया जा है। दो दिन से रही बारिश से शहर में जगह-जगह पानी का भराव देखने को मिला। ड्रेन नंबर-6 में गंदा पानी ज्यादा होने के कारण बस स्टैंड परिसर में एक फीट के करीब पानी भर गया। हल्की बारिश होने के चलते परिसर में आने वाले यात्रियों व कर्मचारियों की परेशानी बढ़ गई। बस अड्डे में ड्रेन का गंदा पानी भरने की समस्या से जूझाना पड़ा। बस अड्डा में जलभराव होने से यात्रियों को दिनभर परेशानी का सामना करना पड़ा। बस अड्डा परिसर में बसों में सफर करने लिए सोनीपत बस अड्डे पर रोजाना 7 से 8 हजार लोग पहुंचते है। बस अड्डे में ड्रेन का गंदा पानी भरने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और यात्रियों को गंदे पानी के बीच से गुजरकर बसों में सवार होना पड़ा। बार-बार शिकायत के बाद जिला प्रशासन की तरफ से दूषित पानी की निकासी का समाधान नहीं किया जा रहा है। बारिश के चलते व ड्रेन के निर्माणकार्य को लेकर पानी निकासी की समस्या बनी हुई हैं। जिसके चलते ड्रेन नंबर-6 का पानी बस स्टैंड परिसर में भर गया।

## चीनी मिल पेराई सत्र-चीनी मिल के पेराई सत्र ने तोड़ा 20 साल का रिकार्ड

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**चीनी** मिल सोनीपत में वर्ष 2022-23 का पेराई सत्र समाप्त हो चुका है। चीनी मिल के पेराई सत्र ने 20 साल के रिकार्ड को तोड़ते हुए करोड़ों रुपये की बचत की है। उक्त पेराई सत्र पहले के पेराई सत्रों से बेहत्तर रहा है। बृहस्पतिवार को प्रैसवार्ता के दौरान सोनीपत चीनी मिल एमडी डा. अनुपमा मलिक ने कही। उन्होंने बताया कि सोनीपत चीनी मिल में पिछले कुछ वर्षों से पेराई सत्र अपेक्षाकृत ठीक नही बीत रहा था। किसानों को परेशानी झेलनी पड़ रही थी। मिल भी नुकसान में था। ऐसे में इस बार शुरूआत से ही मिल को बेहतर ढंग से चलाने का प्रयास किया गया था। डा. अनुपमा मलिक ने बताया कि पिछले पेराई सत्र के दौरान मिल में 30 लाख 78 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई मिल प्रबंधन की तरफ से की गई थी। जिसके तहत 2 लाख 76 हजार 70 बैग चीनी का उत्पादन किया गया था। वहीं इस बार 30 लाख 75 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई की गई तथा 3 लाख 8 हजार 600 बैग चीनी का उत्पादन किया गया। पिछले साल से अधिक चीनी का उत्पादन होने पर मिल को करीब 11.70 करोड़ रुपए का फायदा पहुंचा है। एमडी ने बताया कि इसी तरह से खोई बेचकर भी मिल ने 2 करोड़ 20 लाख रुपए की आमदनी इस बार पिछले साल की अपेक्षा अधिक की है। चीनी मिल में मौजूदा पेराई सत्र में किसानों के साथ हुए गन्ने के करार में लगभग गन्ना खरीदा जा चुका है। चीनी मिल के एमडी डा. अनूपमा मलिक ने बताया कि 31 मार्च तक किसानों से खरीदे गए गन्ने की 9182.12 लाख रुपए की पेमेंट जारी कर दी गई है। जबकि बाकी बचे हुए गन्ने की पेमेंट भी अगले सप्ताह भर के अंदर जारी करने का प्रयास रहेगा। उन्होंने बताया कि पिराई सत्र के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न झेलनी पड़े, इसके लिए पूरे सीजन में अटल सेवा कैंटीन का संचालन किया गया।

## मंत्री पर आरोप लगाने वाली महिला के खिलाफ मकान मालिक ने पुलिस से की शिकायत

### आठ माह से किराया न देने और मांगने पर उत्पीड़न करने का लगाया आरोप, पहले भी कई लोगों से मकान खाली करने के नाम पर वसूले हैं पैसे: अरुण जोगी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के राज्यमंत्री संदीप सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली महिला कोच ही अब विवादों में घिर गई है। महिला कोच के मकान मालिक ने कई माह से किराया न देने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को पंचकूला के पुलिस आयुक्त से शिकायत की है। पंचकूला के सेक्टर-12 निवासी अरुण जोगी तथा उसकी पत्नी ने पुलिस आयुक्त को लिखित शिकायत देने के बाद चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि शिक्षा डागर ने पिछले साल जुलाई माह में उनका मकान किराए पर लिया था। शिक्षा की गतिविधियां संदिग्ध होने के कारण उन्होंने दिसंबर माह के दौरान लिखित



में नोटिस देकर मकान खाली करने को कहा था। अरुण जोगी ने बताया कि नियमानुसार शिक्षा डागर को 31 दिसंबर को उनका मकान खाली करना था, लेकिन 29 दिसंबर को ही उनका हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह के साथ विवाद शुरू हो गया। जोगी ने आरोप लगाया कि मंत्री के साथ विवाद होने के बाद शिक्षा डागर ने मकान खाली करने की बजाए उन्हें धमकाना शुरू कर दिया। जोगी की पत्नी ने बताया कि जनवरी में जब उसने शिक्षा डागर के साथ मकान खाली करने को लेकर बात की तो उसने मारपीट की। जिसकी उन्होंने पुलिस को शिकायत दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। शिक्षा डागर के कारण उनके घर में आने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब शिक्षा डागर न तो मकान खाली कर रही है और न ही किराया तथा बिजली का बिल दे रही है।
अरुण जोगी ने कई तरह के दस्तावेज पुलिस तथा मीडिया को देते हुए कहा कि शिक्षा डागर पहले भी कई मकान मालिकों के साथ इस तरह की हरकत कर चुकी है। यही नहीं वह पंचकूला में कथित तौर पर एक व्यक्ति के साथ लिव इन में रह चुकी हैं और उससे समझौते के नाम पर लाखों रुपये ऐंठ चुकी है। अरुण जोगी ने लिव इन में रहने वाले व्यक्ति के साथ हुए समझौते की प्रतियां भी पुलिस को सौंपी हैं।

## संपादकीय

# जीवन जीने का धर्म

**पूजा** और प्रशस्ति के बीच बुद्ध की प्रखर चिंतन प्रक्रिया ओझल या सरलीकृत हो जाती है। उनकी चिंतन प्रक्रिया कोरे वाग्विलास की जगह व्यावहारिक समाधान की ओर उन्मुख थी। जीवन की पीड़ादायी और असंतोषजनक स्थिति उनके विचार-यात्रा का मूल थी। जन्म-मृत्यु के बंधन कारागृह जैसे ही थे। पुनर्जन्म का अनवरत चलने वाला वात्याचक्र दुःख का कारण था और इससे उबरना मुख्य समस्या थी। ईसा पूर्व पाँचवीं सदी में जन्मे महात्मा बुद्ध अपने समय में प्रचलित धर्म-कर्म, विश्वास और जीवन पद्धति की विसंगतियों से क्षुब्ध थे। इतिहास में यह वह काल था जब कृषि की समृद्धि से नगर जन्म ले रहे थे और व्यापार के माध्यम से भारत से बाहर की संस्कृति की जानकारी भी मिल रही थी। बा सम्पर्क से यह भी पता चल रहा था कि जाति विहीन समाज भी होते हैं और संस्कृत के अतिरिक्त और भी भाषाएँ बोली जाती हैं। बढ़ती सामाजिक गतिशीलता के आलोक में नए किस्म के धर्म की आवश्यकता महसूस की जाने लगी थी। तरह-तरह के कर्मकांड थे और आगे चल कर उपनिषद के वेदांत विषयक विचार के प्रतिपादन में अनादि और अनंत ब्रह्म और उसकी प्राप्ति को जीवन के लक्ष्य के रूप में प्रतिष्ठित किए जा रहे थे। जीवन परिवर्तनशील है और ब्रह्म शाश्वत अर्थात निरंतर उपस्थित रहने वाला और इस भाँति अपरिवर्तनीय। उसे शिव (कल्याणकारी) के रूप में प्रतिपादित किया गया। संभवतः ब्रह्म के साथ तादात्म्य के जरिए अमरता की प्राप्ति की अवधारणा शिवत्व का आधार थी। महात्मा बुद्ध ने हमारे अनुभव जगत की परिवर्तनशीलता और अनित्यता के घोर सत्य को स्वीकार किया। इसके साथ ही उन्होंने यह भी लक्ष्य किया कि हमारे सुख-संतोष के क्षण भी आसन्न मृत्यु की पृष्ठभूमि में अस्थायी हो जाते हैं। परिवर्तन में दुःख, कुंठा और असंतोष भी स्वभावतः आ जाते हैं। महात्मा बुद्ध के विचार में जीवन के तीन लक्षण हैं: उसका अस्थायित्व, संतोष का अभाव और आत्मा की अनुपस्थिति। चीजें अस्थायी हैं इसलिए असंतोष होगा और वे आत्मा नहीं हो सकतीं क्योंकि उसे स्थायी और शाश्वत माना गया था। यदि आत्मा है जो परिवर्तित नहीं होता जो वह हमारे जीवन में, जो सतत परिवर्तनशील है, भाग ही नहीं ले सकता और हमें उसका किसी तरह की प्रतीति या अनुभव भी नहीं हो सकता। अनुभव तो कार्य और कर्म के परिणाम का ही होता है या हो सकता है जिसका चक्र निर्वाण मिलने तक चलता ही रहता है। ध्यान रहे कि अनात्त कह कर अस्तित्व की निरंतरता को नकारते हुए बुद्ध व्यक्ति को उसकी नैतिक जिम्मेदारी से मुक्त या बरी नहीं करते। हमारी निरंतरता (आत्मा की जगह) कर्म में बनी होती है। उपनिषद के चिंतन में जो स्थायी है अधिक महत्व का और वास्तविक यानी सत्य है और दूसरी ओर जो बदलता है वह कमतर सत्य है। अपरिवर्तनशील आत्मा का अस्तित्व है। बुद्ध इसके विपरीत खड़े होते हैं। कर्म का शाब्दिक अर्थ है कार्य या क्रिया। कर्म का बाद में भविष्य में अच्छा या बुरा परिणाम होता है जैसे- किसान खेत में बीज बोते हैं और बाद में चल कर फसल काटते हैं। बुद्ध के लिए कर्म भौतिक न था। वह कर्म को उसके पीछे की भावना या मंतव्य से जोड़ते हैं जो नैतिक या अनैतिक हो सकती है। पर हम जीवन का आरम्भ साफ स्लेट से नहीं करते। हम अपने अतीत के कर्मों के दाय से युक्त होते हैं। यदि नैतिक रूप से अच्छी भावना हो तो मन शुद्ध रहता है।

# अब वक्त की जरूरत के मुताबिक काम किया जाना चाहिए

अशोक भाटिया

> राजद्रोह के कानून में सरकार के प्रति उत्तेजना या असंतोष को उत्तेजित करने की बात की गई है। आखिर असंतोष का क्या अर्थ है? क्या किसी को यह कहने का अधिकार नहीं है कि उसे सरकार से नफरत है? क्या कोई यह नहीं कह सकता कि उसे प्रधानमंत्री से नफरत है? क्या कोई यह नहीं कह सकता कि अमुक राजनेता भारत के इतिहास में सबसे बुरे हैं? यह सब भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। इस प्रकार के मामले बड़े जोश के साथ दर्ज किए जाते हैं लेकिन जांच एजेंसियों के पास अक्सर कोई सबूत नहीं होते और इसी कारण इसमें दोषसिद्धि कि दर अत्यंत कम रहती है।। यह कानून मूल रूप से लोगों में भय पैदा करता है और असंतोष को दबाने में सफल होता है

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को आईपीसी की धारा 124अ (राजद्रोह कानून) को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई अगस्त तक के लिए टाल दी। ऐसा केंद्र सरकार के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी का पक्ष जानने के बाद किया गया। वेंकटरमानी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राजद्रोह को अपराध बनाने वाली आईपीसी की धारा 124अ की समीक्षा की जा रही है। इसकी समीक्षा पर चर्चा अंतिम चरण में है।दरअसल, बीते साल सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून पर रोक लगा दी थी। तत्कालीन सीजेआई एनवी रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने अपने आदेश में कहा था कि नई प्राथमिकी दर्ज करने के अलावा, इस कानून के तहत दर्ज मामलों की जांच और सभी कार्यवाही पर रोक रहेगी। पीठ ने अपने आदेश में आगे कहा था कि धारा 124अ की कठोरता मौजूदा वक्त में समाज के लिए ठीक नहीं है। पीठ ने कहा कि जब तक इस कानून के प्रावधानों की जांच पूरी नहीं होती, तब तक कानून के प्रावधानों का उपयोग जारी रखना ठीक नहीं होगा।सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से राजद्रोह की सीमा परिभाषित करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने आलोचकों, पत्रकारों, सोशल मीडिया यूजर्स और नागरिकों के खिलाफ राजद्रोह कानून के गलत इस्तेमाल को लेकर चिंता भी जाहिर की थी। दरअसल पिछले कुछ वर्षो में शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरा हो जिसमे राजद्रोह कानून समाचार पत्रों की सुर्खिया न रहा हो। कुछ वर्ष पूर्व सर्वोच्च न्यायालय से लेकर विधि आयोग तक इस कानून की प्रासंगिकता को लेकर प्रश्न-चिन्ह लगा चुके है, फिर भी सरकारें इस कानून को समाप्त करना तो दूर, इस पर बहस करने के लिए भी तैयार नहीं है। इससे साफ स्पष्ट हो जाता है की चाहे हम भारत के आदर्श लोकतंत्र को लेकर कितने ही कसीदे क्यों न पड़े, सरकारें अभिव्यक्ति की आजादी को, या अपनी आलोचना को सुनने के लिए कतई तैयार नहीं है। भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए के अनुसार, जब कोई व्यक्ति बोले गए या लिखित शब्दों, संकेतों या दृश्य प्रतिनिधित्व द्वारा घृणा या अवमानना या उत्तेजित करने का प्रयास करता है या भारत में कानून द्वारा स्थापित सरकार के प्रति असंतोष को भड़काने का प्रयास करता है तो वह राजद्रोह का आरोपी है। राजद्रोह एक गैर-जमानती अपराध है और इसमें सजा तीन साल से लेकर आजीवन कारावास और जुमार्ना दोनों हो सकते है।



केदार नाथ सिंह बनाम बिहार राज्य (1962) के मामले में, सुप्रीम कोर्ट ने आईपीसी की धारा 124ए के बारे में स्पष्ट किया था कि इस प्रावधान का इस्तेमाल अव्यवस्था पैदा करने की मंशा या प्रवृत्ति, या कानून और व्यवस्था की गड़बड़ी, या हिंसा के लिए उकसाने वाले कार्यों तक सीमित होना चाहिए। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट की एक संविधान पीठ ने अपने फैसले में आईपीसी के तहत राजद्रोह कानून की वैधता को बरकरार रखा था और इसके दायरे को भी परिभाषित किया था। पिछले कुछ वर्षों में समय-समय पर मीडिया और पत्रकारों के ऊपर राजद्रोह के मुकदमे दर्ज किये गए हैं जैसे कि आंध्र प्रदेश में दो तेलुगु न्यूज चैनलों- टीवी 5 और एबीएन, पत्रकार विनोद दुआ के खिलाफ हिमाचल प्रदेश में दर्ज मामला, नोएडा पुलिस द्वारा कांग्रेस सांसद शशि थरूर सहित छह पत्रकारों पर राजद्रोह का मामला, केरल के पत्रकार सिद्दीकी कप्पन और मणिपुर के पत्रकार किशोरचंद्र वांगखेम के खिलाफ इसी प्रकार के मुकदमे दर्ज किये गए। देखा जाये अभिव्यक्ति कि स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का यह कानून स्पष्ट रूप से उलंघन करता है, इस कानून के आधार पर सरकारें लोगो को डराने-धमकाने का काम करती रही है। अगर आपराधिक कानून कि कोई धारा अस्पष्ट है तो लोगो को उस धारा के अधीन नहीं किया जा सकता जो उसे आजीवन जेल में डाल सकती हो। हाल ही में जितने भी पत्रकारों के खिलाफ देशद्रोह के मामले दर्ज किये है उनमे से किसी भी पत्रकार ने कोई हिंसक कार्य नहीं किया फिर उन्हें गिरफ्तार करने का औचित्य समझ से परे है।

राजद्रोह के कानून में सरकार के प्रति उत्तेजना या असंतोष को उत्तेजित करने की बात की गई है। आखिर असंतोष का क्या अर्थ है? क्या किसी को यह कहने का अधिकार नहीं है कि उसे सरकार से नफरत है? क्या कोई यह नहीं कह सकता कि उसे प्रधानमंत्री से नफरत है? क्या कोई यह नहीं कह सकता कि अमुक राजनेता भारत के इतिहास में सबसे बुरे हैं? यह सब भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। इस प्रकार के मामले बड़े जोश के साथ दर्ज किए जाते हैं लेकिन जांच एजेंसियों के पास अक्सर कोई सबूत नहीं होते और इसी कारण इसमें दोषसिद्धि कि दर अत्यंत कम रहती है।। यह कानून मूल रूप से लोगों में भय पैदा करता है और असंतोष को दबाने में सफल होता है। दरअसल यह कानून एक औपनिवेशिक विरासत है जिसे लागू करके औपनिवेशिक शक्तियों ने अपनी प्रजा को दबाने की कोशिश की थी। महात्मा गांधी भी इस कानून की सजा पाने वालों में से एक थे। राजद्रोह के कानून पर लॉ कमीशन ने 2018 में स्पष्ट किया था कि लोकतंत्र में एक ही गीत की किताब से गाना देशभक्ति का पैमाना नहीं है और लोगों को अपने तरीके से अपने देश के प्रति अपना स्नेह दिखाने के लिए स्वतंत्र होना चाहिए और ऐसा करने के लिए सरकार की नीति में खामियों की ओर इशारा करते हुए कोई रचनात्मक आलोचना या बहस की जा सकती है। कमीशन के अनुसार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार के हर गैर-ज़िम्मेदाराना प्रयोग को राजद्रोह नहीं कहा जा सकता है। इस कानून के जनक यूनाइटेड किंगडम ने दस साल पहले ही इसे समाप्त कर दिया था। फिर भारत में इसे बनाये रखने का क्या औचित्य है? राजद्रोह का दायरा क्या होना चाहिए इन सब बातो को लेकर सरकारों को खुले दिमाग से सोचने कि आवश्यकता है किसी भी भय के माहौल में अभिव्यक्ति कि आजादी बेमानी हो जाती है। जब न्यायपालिका और विधि आयोग बार-बार इस कानून को लेकर संदेह प्रकट कर चुके है तो फिर इसे एक हथियार के रूप में बनाये रखने का औचित्य समँझ से परे है। आज देश में लोकतंत्र और उसकी परम्पराये इतनी आगे बढ़ चुकी है कि जन-प्रतिनिधियों से कठोर सवाल तो पूछे ही जायेंगे जो जरुरी भी है। जाति धर्म और क्षेत्रीय हितो के आधार पर एक बहुआयामी समाज में किसी न किसी वर्ग के द्वारा असंतोष प्रकट करना स्वाभाविक सी बात है। जन प्रतिनिधि सरकारों का यह दायित्व है कि उस असंतोष को दूर करे न कि एक भय का वातावरण निर्मित करे जिसमे सवाल-जवाब कि कोई गुंजाईश न हो।

गौरतलब है कि भारत की स्वतन्त्रता के बाद संसदीय लोकतन्त्र अपनाये जाने के बाद भारतीय दंड संहिता विधान की धारा 124(ए) को बरकरार रखना इसलिए अनुचित था क्योंकि संसदीय प्रणाली के लोकतन्त्र में सत्ता या सरकार की कटु आलोचना से लेकर शासन की नीतियों के खिलाफ जन आन्दोलन चलाना इस प्रणाली का अन्तरंग हिस्सा था और पूरी तरह अहिंसक रास्ते से जनता का समर्थन प्राप्त करते हुए सरकार बदलना भी इसी लोकतन्त्र का राजनैतिक धर्म था। लोकतन्त्र में सरकार डंडे के बूते पर नहीं चलती बल्कि इकबाल यानि प्रतिष्ठा के भरोसे चलती है और संविधान द्वारा नियत किये रास्ते पर चलती है। इस प्रणाली में बेशक शासन चलाने का अधिकार जनता की मर्जी से ही पूरी राजनैतिक चुनावी प्रणाली का पालन करते हुए कुछ लोगों को मिलता है मगर वे शासक या हुक्मरान पारंपरिक राजसत्ता के नियमों के अनुसार नहीं होते बल्कि जनता द्वारा ही चुने गये ऐसे नुमाइन्दें होते हैं जो केवल पांच वर्ष के लिए सत्ता से जुड़े सभी प्रतिष्ठानों के अभिभावक होते हैं और लोगों की अमानत का संरक्षण करते हैं जिसे राष्ट्रीय सम्पत्ति कहते हैं। इस प्रकार लोकतन्त्र में मालिक नहीं होते बल्कि संरक्षक होते हैं। इसे इस प्रकार भी कह सकते हैं कि लोकतान्त्रिक पद्धति से चुनी गई सरकार किसी जागीर की मालिक नहीं होती बल्कि केवल प्रबन्धक होती है। आज लोकतन्त्र की आधारशिला ही असहमति या मतभेद अथवा सकारात्मक विरोध होता है।

## कविता

**समंदर को भी जरा आस से मचलने दो।**

नदियों को थोड़ा सुकून से रहने दो।
समंदर को भी प्यास से तड़पने दो ।

नदियों को आरजू मिलन की बहुत है।
समंदर को भी जरा आस से मचलने दो।

आग तो आग है,इधर हो या उधर हो।
प्रेमियों को भी इस अगन से झुलसने दो।

मोहब्बत भी गहरा नशा है दोस्तों,
उन्हें भी इश्क के नशे से झूमने दो।

कहते हैं इश्क आग का दरिया है,
उन्हें भी डूब कर दरिया से निकलने दो।

उम्र के साथ मोहब्बत भी फीकी हो जाती है,
मोहब्बत को चांदी से चमकते बालों से गुजरने दो।

संजीव ठाकुर

## भगवान विष्णु के दशावतारों में बुद्ध नहीं

अशोक प्रवृद्ध

**वैदिक** मतानुसार परमात्मा का तेज विशेष रूप में जब किसी पदार्थ अथवा प्राणी में आता है तो वह अवतार कहाता है ।अवतार चेतन तत्व भी होते हैं और अचेतन तत्व भी । चेतन - अचेतन का अन्तर है ईक्षण करने की शक्ति में । ईक्षण से अभिप्राय है कार्य करने का स्थान , काल और दिशा का निश्चय करना ' जो ऐसा करने की सामर्थ्य रखता है उसे चेतन कहते हैं और जो नहीं रखता वह अचेतन कहाता है । कुछ प्राकृतिक पदार्थ भी विशेष ओजयुक्त , ऐश्वर्यवान और सामर्थ्यवान देखे जाते हैं । उन्हें भी अवतार माना जाता है । यही पुराणों की पद्धति है ।दोनों में अन्तर भी स्पष्ट है। अचेतन अवतार एक कार्य के लिए ही होते हैं और उस कार्य के उपरान्त उनका अस्तित्व नहीं रहता । अचेतन अवतार इच्छानुसार अनेक कार्य करता है । इस कथन का प्रमाण भी श्रीमद्भगवदगीता में ही उपस्थित है ।परमात्मा की विशेष विभूति से युक्त पदार्थों की गणना गीता में की गई है । उस गणना में जहां राम और कार्तिकेय का कथन है , वहाँ उसमे वज्र और हिमालय का नाम भी है । जहां बृहस्पति ,भृगु को परमात्मा की विशेष विभूति वाला माना है , वहाँ अक्षरों में ओं (ओउम्) और समासों में द्वन्द्व को भी बताया है । इस प्रकार किसी भी पदार्थ को ,जिसमें परमात्मा के तेज का अंश है , उसे परमात्मा का अवतार माना है । इस प्रकार यह सिद्धप्राय है कि अवतार परमात्मा स्वयं नहीं हो सकता । कृष्ण स्वयं परमात्मा नहीं थे ।राम भी परमात्मा नहीं थे ।इसी भान्ति बुद्ध तथा अन्य अवतार परमात्मा नहीं कहे जा सकते । वे केवल परमात्मा के तेज अर्थात प्राण की विशेष मात्र को रखने वाले होते हैं ।इसके बावजूद परमात्मा के अवतार होने की समर्थन करने तथा उनके आठ अथवा दस अथवा चौबीस अवतार होने की पौराणिक बात मानने वाले ही आज बहुतायत में हैं।और इसके समर्थन में अनेकानेक कथाएँ पौराणिक ग्रंथों में भरे पड़े हैं। पौराणिक ग्रंथों में इस सम्बन्ध में प्राप्य संन्दर्भों के अनुशीलन से इस सत्य का सत्यापन होता है कि अवतार के दसवें सिंद्धांत के आधार पर भूतकाल में नौ अवतार मत्स्य, कूर्म (कच्छप), वराह, नृसिंह (नरसिम्हा), वामन, परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध अवतार हो चुके हैं और दसवाँ अवतार भविष्य में कल्कि अवतार कलियुग के समाप्ति पर होगी । श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार विष्णु के पाँच प्रारूप यथा, परमात्मा, सर्वोच्च आत्मा, परमेश्वर, सर्वोच्च शक्ति, ब्राह्मण अर्थात विद्वान के संरक्षक, विश्व रूप माने जाते हैं ।पौराणिक मान्यतानुसार जिस प्रकार विगत सभी अवतारों में विष्णु के द्वारा पापों और पापियों का नाश किया गया है उसी प्रकार कलियुग में पापियों के संहारक के रूप में कल्कि अवतार अवतरित होंगे ।पौराणिक ग्रंथों में अंकित विष्णु के अवतार की स्तुतियों के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि ऋग्वेदादि वैदिक ग्रंथों में वृतासुर और शंबरासुर के संहारक के रूप में जो इन्द्र की स्तुति की गई है, वस्तुतः वे विष्णु की ही स्तुति हैं ।वैदिक ग्रंथों के अनुसार अनेक दिव्य गुणों के कारण

## विचार

## बुद्ध पूर्णिमा- भारत कैसे आएं बुद्ध के अनुयायी

सुनील कुमार महला

**आज ह**मारी युवा पीढ़ी तुरंत अमीर बनना चाहती है और वह भी बिना कुछ किए धरे। बिना मेहनत के ही आज की युवा पीढ़ी अथाह धन कमाने की लालसा रखती है। जब आदमी(विशेषकर हमारी युवा पीढ़ी) बिना मेहनत के तुरंत अमीर बनने की चाहत रखता है तो वह कहीं न कहीं स्वयं को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से अपराध की दुनिया में धकेलना शुरू कर देता है और यह अपराध की दुनिया उस व्यक्ति विशेष को कहीं का भी नहीं छोड़ती, उसे बर्बाद कर देती है। बिना मेहनत के धन कमाने के लिए वह या तो चोरी ही करता है अथवा डकैती, लूटपाट या अवैध काम करता है। यहाँ तक कि बहुत बार तो तकनीक का गलत इस्तेमाल कर वह धन कमाना चाहता है। आज देश के विभिन्न हिस्सों में तकनीक का गलत इस्तेमाल कर धन कमाने का धंधा लगातार जोर पकड़ रहा है। विशेषकर हमारी युवा पीढ़ी इसमें ज्यादा लिप्त नजर आती है। आज जिधर नजर दौड़ाएं उधर ऑनलाइन सट्टेबाजी फैलती दिख रही है। वास्तव में यह बहुत ही चिंता की बात है कि आज हमारे युवा ऑनलाइन सट्टेबाजी की गिरफ्त में हैं। आज हर कहीं सट्टेबाजी का धंधा चल रहा है और यह काम पुलिस संरक्षण के बिना संभव नहीं हो सकता है। ऐसा भी नहीं है कि पुलिस इन पर कोई कार्रवाई नहीं करती है लेकिन पुलिस में भी भ्रष्टाचार, बेईमानी के चलते ऐसा संभव हो पा रहा है। एक मछली सारे तालाब को गंदा करती है। यह हमारे देश की विडंबना ही कही जा सकती है कि आज चोरी, डकैती व लूटपाट के साथ-साथ अपराधी अब तकनीक का इस्तेमाल कर गलत तरीके से पैसे कमाने में जुट गए हैं। सच तो यह है कि आज युवाओं की जरूरतें बढ़ गई हैं और वे जरूरतों को पूरा करने के लिए ऐसे हथकंडे अपनाने लगे हैं जो कि उन्हें लगातार गर्त में ही धकेल रहे हैं। आज हमारे युवा फेंटेसी एप्स के चक्कर में फंसकर अपना सर्वस्व लुटा रहे हैं। आज ऐसे फेंटेसी ऐप्स की संख्या रोजाना लगातार बढ़ती जा रही है और पिछले कुछ सालों में इनकी बाढ़ आ चुकी है। एक ही दिन में हजारों करोड़ों लोग इन ऐप्स पर अलग-अलग टीम बनाते हैं और करोड़पति बनने के लालच में आकर जमकर पैसे लगाते हैं। हालांकि अब इन गेम्स पर नकेल कसने की बात कही जा रही है, लेकिन अब भी धरातल पर कुछ विशेष नहीं हो पाया है ।सबसे बड़ी चिंता इस बात की है कि युवाओं की अनावश्यक जरूरतें, बेवजह के अनगिनत शौक और जल्द अमीर बनने की हसरत का फायदा उठाकर सटोरिये इन्हें अपने जाल में फंसा रहे हैं। ऐसा भी नहीं है कि पुलिस की इस काले कारोबार पर बिल्कुल भी नजर नहीं है ।कुछ ही घंटों में करोड़पति बनने का सपना दिखाने वाले इन ऑनलाइन फेंटेसी गेम्स की आजकल खूब बहार है। आज विभिन्न शहरों में बाजारों में, अस्पतालों के बाहर, मॉल, पार्कों, बस स्टैण्ड, कैब, ऑटो, चाय की थड़ियों, दुकानों, होटल व रेस्टोरेंट में पुलिस यदि पैनी नजर रखे तो उसे कॉपी, पेन या फिर दो- तीन मोबाइल फोन या लैपटॉप आदि लेकर बातचीत करते, वहाँ खड़े युवा नजर आ जायेंगे, उनकी हरकतों को देखकर पुलिस को सट्टेबाजी का अंदाजा हो जाता है। हैरत की बात यह है कि बड़े शहरों के व्यस्त बाजारों में तो ठेला लगाने वाले, छोटा मोटा काम करने वाले लोग तक सट्टे लगाने में सक्रिय हैं। हैरानी की बात तो यह है कि आज पुलिस की नाक के नीचे यह सब होता है। दर असल ये सब काम आपसी मिलीभगत से होता है। बिना मिलीभगत के यह संभव नहीं हो सकता है। वास्तव में, आज फेंटेसी ऐप्स का बिजनेस कितना बड़ा है, ये इसी बात से साबित हो जाता है कि इन ऐप्स के विज्ञापन में बॉलीवुड से लेकर खेल जगत के वो सितारे शामिल हैं, जिनकी विज्ञापन की फीस तक करोड़ों में होती है। फेंटेसी ऐप्स में हर साल स्टार्स की फेहरिस्त लगातार बढ़ती चली जा रही है। आज सिर्फ क्रिकेट में ही नहीं, पैसों का ये खेल तीन पत्ती(रमी गेम), लूडो, बिजनेस, और ऐसे ही बाकी दूसरे ऑनलाइन गेम्स में भी चल रहा है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादक: रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

## चारित्रिक शिक्षा: विशेषता या गुणवत्ता

विजय गर्ग

**चरित्र** एक विशेषता या गुणवत्ता के लिए खड़ा है जो व्यक्तियों को नैतिक और नैतिक कार्यों और प्रतिक्रियाओं को परिभाषित करता है। यद्यपि चरित्र का उपयोग विभिन्न अर्थों में किया जाता है, यहाँ हम सामान्य रूप से क्या गलत है और क्या सही है, पर विचार करेंगे। इसके अलावा, यह विशेष रूप से चरित्र शिक्षा है जिससे यह लेख संबंधित है। चरित्र शिक्षा बच्चों में उन गुणों को विकसित करने के लिए प्रदान की जाने वाली शिक्षा प्रणाली है जो एक समाज द्वारा सार्वभौमिक रूप से स्वीकार्य हैं। इसलिए अच्छे चरित्र का होना और ऐसे व्यक्तिगत गुणों का विकास करना चरित्र शिक्षा का उद्देश्य है। चरित्र शिक्षा की अवधारणा बहुत पुरानी है क्योंकि यह हमें माता-पिता और धर्म द्वारा सिखाई जाती है। पश्चिम में, ये स्कूलों और व्यवसायों द्वारा गोद लेने की होड़ में हैं। कुछ व्यावसायिक हैं, कुछ गैर-लाभकारी हैं और कई विशिष्ट रूप से राज्यों, जिलों और स्कूलों द्वारा स्वयं तैयार किए गए हैं। इन कार्यक्रमों का एक सामान्य दृष्टिकोण सिद्धांतों, स्तंभों, मूल्यों या गुणों की एक सूची प्रदान करना है, जिन्हें याद किया जाता है या जिनके आसपास विषयगत गतिविधियों की योजना बनाई जाती है। आमतौर पर यह दावा किया जाता है कि किसी विशेष सूची में शामिल मूल्यों को सार्वभौमिक रूप से मान्यता प्राप्त है। हालांकि, मूल मूल्यों (जैसे, ईमानदारी, नेतृत्व, दया, उदारता, साहस, स्वतंत्रता, न्याय, समानता और सम्मान) या यहां तक ??कि कितने को सूचीबद्ध करना है, पर प्रतिस्पर्धी कार्यक्रमों के बीच कोई सहमति नहीं है। कार्यक्रमों के मूल्यांकन, कार्यान्वयन या मूल्यांकन के लिए कोई सामान्य या मानक साधन भी नहीं है। चरित्र शिक्षा के तरीके बच्चों को चरित्र शिक्षा या मूल्यों की शिक्षा देने की कोई आम प्रथा नहीं है। यह मुख्य रूप से इसलिए है क्योंकि चरित्र शिक्षा में मानकों की कमी है और इसे कैसे और किसके द्वारा प्रदान किया जाना है। मोटे तौर पर हम इस शिक्षा के प्रति कुछ दृष्टिकोणों पर विचार कर सकते हैं जो स्कूली शिक्षा का एक हिस्सा हैं।

## आधुनिकता का अभिशाप

डॉ. सुरेश कुमार

**एक** दिन भगवान बुद्ध अपनी तपोभूमि के दर्शन करने और वहाँ का हालचाल जानने धरती पर पधारे। उन्हें देख आधुनिक युवक अंकमाल इस अवसर का लाभ उठाना चाहता था। वैसे भी लाभ उसी का उठाया जा सकता है जो कुछ देने की स्थिति में हो। और फिर बुद्ध तो वे होते हैं जो सिर्फ देना जानते हैं, लेना नहीं। सो उसने कहा, भगवन्! मेरी इच्छा है कि मैं संसार की कुछ सेवा करूँ, आप मुझे जहाँ भी भेजना चाहें भेज दें ताकि मैं लोगों को धर्म का रास्ता दिखाऊँ? बुद्ध हँसे और बोले- वत्स! संसार को कुछ देने से पहले अपने पास कुछ होना आवश्यक है, जाओ पहले अपनी योग्यता बढ़ाओ फिर संसार की भी सेवा करना। अंकमाल वहाँ से चल पड़ा और आधुनिक कलाओं के अभ्यास में जुट गया। लंबी-लंबी फेंकने से लेकर तू-तड़ाक कला तक पीटने से लेकर बुलडोजर चलाने तक उसने जितनी भी कलाएँ हो सकती हैं उन सबका उसने कुछ महीनों तक कठोर अभ्यास किया। अंधभक्त के रूप में सारे देश में उसकी ख्याति फैल गई। अपनी प्रशंसा से आप प्रसन्न होकर अंकमाल अभिमानपूर्वक लौटा और भगवान बुद्ध की सेवा में जा उपस्थित हुआ। अपनी योग्यता का बखान करते हुए उसने कहा- भगवन्! अब मैं संसार के प्रत्येक व्यक्ति को कुछ न कुछ सिखा सकता हूँ। जोड़-तोड़ से बिगड़े काम बना और सुधरे काम बिगाड़ सकता हूँ। अब मैं राजकाज करने की कला का पंडित हूँ। भगवान बुद्ध मुस्कराये और बोले- अभी तो तुम कलाएँ सीख कर आये हो परीक्षा दे लो तब उन पर अभिमान करना। अगले दिन भगवान बुद्ध एक साधारण नागरिक का वेश बदलकर अंकमाल के पास गये और उससे बढ़ते पेट्रोल-डीजल की कीमतों, बेतहाशा महंगाई के बारे में पूछ बैठे। अंकमाल क्रुद्ध होकर मारने दौड़ा तो बुद्ध वहाँ से मुस्कराते हुये वापस लौट पड़े। उसी दिन मध्याह्न फिर से बुद्ध भेष बदलकर अंकमाल के समीप जाकर बोले- क्या तुम संन्यासी भेष की आड़ में रंगासियार बन राजपाट करना चाहोगे? लाल बत्ती वाली गाड़ी और बड़े से भवन में रहना चाहोगे? अंकमाल को लोभ आ गया उसने कहा- हाँ-हाँ अभी चलो। भगवान बुद्ध मुस्करा दिये और चुपचाप लौट आये। अंकमाल हैरान था- बात क्या है? थोड़ी देर बाद भगवान बुद्ध पुनः उपस्थित हुए। उनके साथ आजकल की बॉलीवुड आम्रपाली थीं।

## न्यूज फ्लैश

### साइबर अपराधियों से रहें सतर्क: शशांक कुमार सावन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**आज के** इस तकनीकी दौर में मनुष्य ज्यादातर मोबाइल फोन, लैपटॉप व कम्प्यूटर आदि पर निर्भर है और यह डिवाइस इंटरनेट से जुड़ी हुई हैं। इनके माध्यम से मनुष्य का जीवन काफी आसान हो गया है। इनके माध्यम से मनुष्य अपने रोजमर्रा के कार्य जैसे बैंक से संबंधित कार्य, ऑनलाइन ऑफिस कार्य, नेट बैंकिंग, सोशल मीडिया आदि पर अपना कारोबार आदि कार्य घर बैठे ही बड़ी आसानी से कर लेता है। जिसके कारण व्यक्ति कई बार इंटरनेट पर गलती कर बैठता है। साइबर अपराधी लोगों की इसी गलती के इंतजार में बैठे रहते हैं। मौका मिलते ही साइबर अपराधी बड़े ही शातिर तरीके से लोगों को मानसिक व आर्थिक तौर पर भारी क्षति पंहुचा देते हैं।
इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि हमें इंटरनेट पर अपने कार्य करने के दौरान या इंटरनेट का उपयोग करते समय बड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। हमें अपने सोशल मीडिया खातों पर एक मजबूत पासवर्ड लगाकर खातों को सुरक्षित रखना चाहिए। सोशल मीडिया पर किसी अंजान व्यक्ति से सम्पर्क नहीं करना चाहिए। किसी अंजान लिंक पर क्लिक करके उसे ओपन नहीं करना चाहिए। किसी अंजान नम्बर से आने वाली फोन कॉल, वीडियो कॉल का उत्तर नहीं देना चाहिए और न ही किसी अंजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट मंजूर करनी चाहिए।
उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति अपने आप को बैंक का अधिकारी या प्रतिनिधि बताकर आपसे आपकी व्यक्तिगत जानकारी जैसे बैंक खाता नम्बर, क्रेडिट-डेबिट कार्ड नम्बर, एक्सपायरी डेट, सीवीवी नम्बर, ओटीपी, आधार कार्ड नंबर व पैन कार्ड नंबर आदि मांगता है तो उस व्यक्ति के साथ उक्त जानकारी सांझा नहीं करनी चाहिए। क्योंकि कभी भी किसी भी बैंक, वित्तिय संस्थान आपसे आपकी व्यक्ति जानकारी सांझा करने की नहीं कहता है। जब भी बैंकिंग संबंधी कोई समस्या आती है तो बैंक के अधिकृत ग्राहक सेवा नम्बर या ईमेल पर ही सम्पर्क करें या नजदीकी शाखा में जाकर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं.: 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं.: 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं.: 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं.: 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं.: 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं.: 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं.: 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं.: 94162 71181)

# समलैंगिक संबंध भारतीय संस्कृति के विरुद्ध : मुनि पीयूष

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भारतीय परंपरा** विवाह को पवित्र संस्कार मानती है। हमारा समाज बहुधर्मी और बहुसांस्कृतिक है। परिवार को एक सामाजिक इकाई के रूप में स्वीकार किया गया है। दो विपरीत लिंगियों के मिलन से परिवार बनता है, जिसे भारतीय संस्कृति मान्यता देती है। भारतीय संस्कृति में मानव जाति को वंशानुगत रूप से आगे बढ़ाने के लिए गार्हस्थिक परिवार की महती आवश्यकता है।
भारत संत गौरव प्रबुद्ध मनीषी श्री पीयूष मुनि जी महाराज ने कहा कि सांस्कृतिक अवधारणा का विकास भारतीय समाज में एक बृहद् अनुभव की देन है। काफी समय से भारतीय समाज में भी प्रचलित मान्यताओं के विपरीत संयुक्त परिवार की अवधारणा को कुचलते हुए समलैंगिक संबंधों को विवाह की पवित्र मयार्दानिष्ठ श्रेणी में जबरदस्ती रखते हुए उसे एक परिवार के रूप में स्थापित करने का कुप्रयास विपरीत विचारधारा के लोग करते रहते हैं। भारत के सभी धर्मसमूह विवाह को गृहस्थ जीवन का मूल तथा परिवार को एक दूसरे का पूरक मानते हैं, परंतु विचारणीय है कि समलैंगिक संबंधों को विवाह की श्रेणी में रखने से भारतीय समाज की परिवार



की अवधारणा तथा उसके आधारभूत ढांचे पर गंभीर प्रहार होगा, जिसके दूरगामी विनाशकारी प्रभाव वर्तमान के साथ भविष्य में भी भुगतने पड़ेंगे।
मुनि जी ने कहा कि इस प्रकार परिवार की संस्था के समक्ष प्रश्नचिन्ह खड़ा हो जाएगा और अनेक सामाजिक विसंगतियां जन्म लेंगी। समलैंगिक संबंधों को विवाह के रूप में स्वीकृति मिलने से संयुक्त परिवार, विवाह, उत्तराधिकार, दत्तक अधिकार, भरण-पोषण आदि की मान्यताओं पर भी व्यापक असर पड़ेगा। वर्तमान में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में चल रही सुनवाई समलैंगिक संबंधों को एक संस्थागत रूप में मान्यता प्रदान करने का दुष्प्रयास है, जो हमारी स्थापित तथा संरक्षित परंपराओं पर कठोर आघात है, जिससे सारा सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न हो सकता है।
मुनि जी ने कहा कि कुवादी संविधान के समानता, चयन तथा जीवन के अधिकार का दुरुपयोग करते हुए गलत को सही सिद्ध करने के लिए संवैधानिक प्रावधानों को तोड़-मरोडकर प्रस्तुत कर रहे हैं, जबकि सांस्कृतिक मूल्यों को कमजोर करना धर्म-परंपरा तथा संत समाज को बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है, जिन मूल्यों पर सभी भारतवासियों को गर्व है और जो अवधारणाएं हमारी गौरवशाली संस्कृति की शोभामणि हैं।
मुनि जी ने बलपूर्वक कहा कि सर्वोच्च न्यायालय में समलैंगिक संबंधों को विशेष विवाह अधिनियम के अंतर्गत मान्यता दिलाने का प्रयास हमारी समृद्ध संस्कृति के बिल्कुल विरुद्ध है। भोगप्रधान तथा व्यक्तिगत सुख-संतुष्टि को महत्व देने वाली पाश्चात्य संस्कृति कुछ अन्य दृष्टि और धारणा रख सकती है परंतु हमारी कोई भी परंपरा, समुदाय, जाति, धर्म, क्षेत्र तथा राज्य इसे मान्यता नहीं देते। दूसरे देशों में इस हेतु कानूनी स्वीकृति हमारे सांस्कृतिक परिवेश में इसे सही ठहराने की भूमिका नहीं बनाती, क्योंकि वहां भारत की तरह उत्कृष्ट सामाजिक तथा सांस्कृतिक परंपराएं नहीं हैं। चुनने के मौलिक अधिकार के अंतर्गत यह किसी भी तरह से परम्परासंगत नहीं है।
श्री पीयूष मुनि जी ने कहा कि भारत में किसी व्यापक प्रभाव वाले विषय पर विधि निर्माण से पूर्व चर्चा और अध्ययन की परंपरा रही है। आरक्षण, बाल संरक्षण, महिला अधिकार रक्षा हेतु कानून बनाने से पूर्व विभिन्न आयोगों का गठन कर सभी पक्षों से भी बृहद चर्चा तथा अध्ययन कर किसी निर्णय तक पहुंचा गया। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय को इस महत्वपूर्ण तथा देश की सभ्यता-संस्कृति पर गहरा असर डालने वाले नीतिगत विषय पर कोई भी निर्णय देने से पूर्व समृद्ध भारतीय परंपरा का अवलोकन करते हुए संसद में इस विषय पर गहन अध्ययन तथा समीचीन, तथ्यों पर आधारित चर्चा का अवसर देना सर्वाधिक उपयुक्त रहेगा, ताकि सांस्कृतिक गौरव अश्रुण्ण तथा सुरक्षित रहे।

## रेडक्रॉस भवन में हुआ मूल्यांकन शिविर का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जिला** रेडक्रॉस सोसाईटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस प्रधान अनीश यादव के प्रयासों से जिला प्रशासन, एलिम्को कानपुर एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा निशुल्क सहायक उपकरणों के वितरण हेतु वीरवार को जिला स्तर पर रेडक्रॉस भवन में मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एलिम्को कानपुर की विशेषज्ञ टीम द्वारा कैंप में आए दिव्यांगों का रजिस्ट्रेशन व मूल्यांकन किया गया। पूरे जिला करनाल के दिव्यांगजनों ने शिविर में भाग लिया। इस अवसर पर



एलिम्को कानपुर के विशेषज्ञ डॉ.आकांक्षा जोशी,अमित कुमार ऑडियोलॉजिस्ट व डाटा ऑपरेटर मोहित गुप्ता व यूथ रेडक्रॉस वालिंटियर और जिला रेडक्रॉस के अधिकारी /कर्मचारियों ने शिविर में व्यवस्था बनाए रखते हुए सभी दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर के माध्यम से कैंप शिविर तक लाने ले जाने में सहयोग किया गया।

## विजय कुमार एंटी करप्शन के राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं नेशनल चीफ नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए हरियाणा प्रदेश के रोहतक जिले के युवा समाजसेवी विजय कुमार को राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त किया। संस्थापक एंव नेशनल चीफ नरेंद्र अरोड़ा एंव जिला निदेशक करनाल कप्तान सिंह ने विजय कुमार को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहते हुए भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई।
विजय कुमार ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के



लिए कार्य करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगे। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है।
उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से सम्बंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, अवाम में कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि है। कप्तान सिंह ने कहा कि संगठन लोगों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक करने का अहम कार्य कर रहा है।

## सूर्य नमस्कार 12 शक्तिशाली योगासनों का समन्वय: दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत और आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सवा लाख सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत गांव कुटेल स्थित अनुपम स्कूल में 800 से ज्यादा बच्चों को योगाभ्यास करवाया गया।



मिशन के निर्देशक दिनेश गुलाटी और आयुष विभाग के नोडल ऑफिसर डॉ. अमित पुंज ने अनुपम स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। इस अभियान के अंतर्गत शहरों और गांवों में विभिन्न स्थानों पर सूर्य नमस्कार का प्रतिदिन अभ्यास करवाया जा रहा है। दिनेश गुलाटी ने कहा कि सूर्य नमस्कार 12 शक्तिशाली योगासनों का समन्वय है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। यह मन और शरीर दोनों को तंदुरुस्त रखता है। डॉ. अमित पुंज ने बताया कि यदि आप चुस्त दुरुस्त रहने का साधन ढूंढ रहे हैं तो सूर्यनमस्कार उसका सबसे अच्छा विकल्प है। इसे खाली पेट करना उचित होता है। नियमित रूप से सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया जाए तो यह स्वस्थ, प्रसन्न और दिनभर शांत रखता है।

## 8 मई तक किया जाएगा आवश्यक वस्तुओं का

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला खाद्य** नागारिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियत्रंक ने बताया कि सरकार के आदेशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत मास अप्रैल 2023 के लिए आवश्यक वस्तुओं का वितरण 8 मई तक करवाया जाएगा। यदि कोई लाभार्थी अप्रैल माह के राशन से वंचित रह गया है तो वह अपने नजदीकी उचित मूल्य की दुकान अर्थात राशन डिपो पर जाकर राशन प्राप्त कर सकता है।
उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत एएवाई राशन कार्ड धारक को 35 किलोग्राम आटा प्रति राशन कार्ड व बीपीएल राशन

## कानों की बालियां लूटने वाला आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना इन्द्री** की टीम ने गांव घीसपुरी की एक महिला को चाकू से घायल कर उसके कानों की बालियां छीनने की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी मंहगा सिंह वासी गांव नौरता को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से सोने की दो बालियां, एक चाकू व एक सरिया बरामद किया गया है।
इस वारदात के संबंध में 1 मई को शिकातयकर्ता रामकिशन पुत्र चतर सिंह वासी घीसपुरी जिला करनाल ने थाना इन्द्री में एक शिकायत देते हुए बताया था कि 1 मई को रात के समय उसकी माता लक्ष्मी देवी अपने कमरे में सोई हुई थी। गांव नौरता का रहने वाला मंहगा सिंह पुत्र धनसिंह चोरी करने की नियत से उसके घर में घुसा। जो उसकी माता पर तेजधार हथियार से हमला करके उससे उसके कानों की सोने की बालियां लूटकर मौका से फरार हो गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना इन्द्री में भादंस की धारा 392, 323, 234, 506 के तहत मामला दर्ज किया गया। इस मामले में पुलिस टीम ने 2 मई को आरोपी योगेश उर्फ मैहंगा सिंह पुत्र धनसिंह वासी



नौरता जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना के आधार पर घिसपुरी गांव से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कल अदालत में पेश करके एक दिन का पुलिस रिमाण्ड लिया गया। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी एक आदतन अपराधी है। आरोपी नशा पूर्ति व अय्यासी करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी के खिलाफ पहले भी ट्रांसफार्मर चोरी के आठ मामले दर्ज हैं। इन मामलों में आरोपी गिरफ्तार हो चुका है और फिलहाल जमानत पर बाहर चल रहा था। आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू, एक सरिया व लूटी गई कानों की सोने की दो बालियां बरामद की गई हैं। आरोपी को आज अदालत में पुनः पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## रेडीमेड गारमेंट की आजीविका गतिविधि का किया भ्रमण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला परिषद्** के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं जिला मिशन निदेशक हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला करनाल, गौरव कुमार द्वारा गांव डिंगर माजरा में समूह की महिलाओं द्वारा चलाई जा रही रेडीमेड गारमेंट की आजीविका गतिविधि का भ्रमण किया गया और आजीविका गतिविधि से जुडी महिलाओं से जानकारी ली गई।
महिलाओं ने बताया कि इस आजीविका गतिविधि से जुडे हुए उन्हें लगभग 4 साल हो चुके हैं, जिससे लगभग 22 महिलाएं जुडी हुई है। मिशन द्वारा आजीविका



गतिविधि के लिए अब तक रूपए 3 लाख तक का लोन दिया जा चुका है, जिससे प्रत्येक महिला मासिक 7 से 8 हजार रूपए की आमदनी कर अपनी आजीविका चला रही है। इसके पश्चात गौरव कुमार बीडीपीओ कार्यालय में हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अतंर्गत बने सारथी महिला कलस्टर फेडरेशन की मीटिंग मे सम्मलित हुए। इस दौरान कलस्टर पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस कलस्टर से 20 ग्राम संगठन, 239 समूह हैं, जिसमें कुल 2699 महिलाएं जुडी हुई है। कलस्टर में परियोजना द्वारा रूपए 84 लाख सीआईएफ प्राप्त हुआ है और रूपए 5 करोड 40 लाख 70 हजार का सीआईएफ रोटेशन हो चुका है। परियोजना द्वारा कलस्टर के 217 समूह को रूपए 9 करोड 54 लाख 50 हजार रूपए का लोन करवाया जा चुका है। इस ऋण राशि से उन्होंने अपने खुद का रोजगार शुरू जैसे पशु पालन, ब्यूटीपार्लर, किरयाणा स्टोर, कोस्मेटिक सॉप, कॉमन सर्विस सेंटर, सिलाई व कडाई सेंटर, बेकरी सहित अन्य स्वरोजगार अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाकर न केवल आत्मनिर्भर बनी है अपने घरों की आर्थिक स्थिती मे सुधार किया है।

## ट्राली चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला चौथा आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**डिटेक्टिव** स्टाफ की टीम द्वारा थाना सेक्टर 32-33 करनाल के एरिया से एक ट्राली चोरी की वारदात को अंजाम देने के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।
आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल स्वराज ट्रैक्टर बरामद कर लिया गया है।
पुलिस टीम द्वारा आरोपी मुकरम पुत्र मूसा वासी बड़ी नवा जिला शामली उत्तर प्रदेश को विश्वसनीय सूचना पर गत दिवस करनाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी अपने किसी काम से ट्रैक्टर लेकर करनाल में आया हुआ था। आरोपी के कब्जे से ट्राली चोरी की वारदात में इस्तेमाल किया गया ट्रैक्टर मार्का स्वराज बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि उसने पूर्व गिरफ्तार अपने तीन साथियों के साथ मिलकर पैसों के लालच व अपने शौक पूरे करने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जांच में खुलासा हुआ था कि आरोपियों ने योजना बनाई थी कि आरोपियों में से एक आरोपी कहेगा कि यह ट्राली मेरी है और किसी जगह पर छोड़ी है, ताकि देखने वालों को लगे की कोई व्यक्ति अपनी ही ट्राली लेकर जा रहा है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए होगी कारगर साबित

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**गुरुनानक** खालसा कॉलेज में तीन दिवसीय डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन भी प्रशिक्षण एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में अनेक जानकारियां प्राप्त की। तरंग पटल पर आयोजित इस कार्यक्रम में गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर एवं बाबू अनंत राम जनता कॉलेज कौल के प्राचार्य डा. एचएस कंग एवं डा. ऋषिपाल के साथ समूह स्टाफ ने भाग लिया।
कॉलेज की आई क्यू एसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में तालमेल विषय पर आायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में डा. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय कैथल से डा. सुशील कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय



शिक्षा नीति के बारे में बताते हुए कहा कि हम सब एक नए शिक्षण की तरफ जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमारे देश के पूर्व महामहिम राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने नई शिक्षा नीति को लागू किया था और इसका लक्ष्य रोजगारपरक शिक्षा तथा गुणवत्तापूर्वक शिक्षा प्राप्त करना है।
कॉलेज के प्राचार्य डा. गुरिंद्र सिंह ने बताया कि ये शिक्षा नीति सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए कारगर साबित होगी और विद्यार्थियों का सवार्गीण विकास होगा। विद्यार्थी की प्रतिभा एवं मनोवैज्ञानिकता में बदलाव आएगा। शिक्षा में नए आयाम स्थापित होंगे।
सांयकालीन सत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष एवं लोक संपर्क अधिकारी डा. तजेंद्र शर्मा ने कहा कि आज शिक्षक को ब्रांड बनना होगा। व्यवस्था परिवर्तन के साथ नई शिक्षा नीति में दार्शनिकता नितांत आवश्यक है। हम हमारे कॉलेज, विश्वविद्यालयों की प्रतियोगिता भारत में नहीं हैं अपितु लंदन, टोरेंटो, न्यूयार्क इत्यादि से। राष्ट्रीय शिक्षा नीति न केवल राष्ट्रीय अपितु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमें पूर्ण शिवास के साथ कार्य करना होगा। नैक के इंचार्ज डा1 देवी भूषण एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति की इंचार्ज प्रो. प्रीति ने इस कार्यक्रम के लिए सभी प्रबंध किए और डा. जुझार सिंह व डा. दीपक ने इनका सहयोग किया।

# जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के पास जल भराव से यात्री हो रहे हैं परेशान: हरीकिशन जिंदल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बुधवार** को हुई बारिश के कारण दिल्ली के कई इलाको में पानी भर गया और जनता को परेशान होना पड़ा। लेकिन गुरूवार को भी दिल्ली के कई इलाको में बारिश के कारण भरे हुए जल भराव से जनता को काफी ज्यादा परेशान होना पड़ रहा है। आप फोटो में देख सकते है, किस प्रकार से जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के पास सड़क पर जल भराव होने की वजह से यहां से गुजरने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। इस समस्या पर बोलते हुए कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिन्दल ने कहा कि संबंधित विभाग को यहां से पानी निकालने का उचित प्रबंध करना चाहिए, जिससे की यहां से गुजरने वाले राहगीरों को परेशान न होना पड़े। श्री जिन्दल ने आगे कहा कि मैं कई बार पीडब्ल्यूडी और एमसीडी सहित कई विभाग के अधिकारियों को पत्र लिख चुका हूं। लेकिन संबंधित विभाग बड़े नालो की समय से सफाई नहीं करवाता है। जिसके कारण जहांगीरपुरी का मुख्य रोड़ और सर्विस रोड़ दोनों पर ही जल भराव हो जाता है और जनता को परेशान होना पड़ता है।

श्री जिंदल ने सरकार से मांग की है, यहां की समस्या पर संबंधित विभाग ध्यान देते हुए जल भराव की समस्या का समाधान करवाये, ताकि जनता को परेशान न होना पड़े।



समाजसेवी भानु प्रताप सिंह को जन्मदिन की बधाई देते हुए युवा समाजसेवी रोहित अग्रवाल व अन्य।

# श्री निष्काम सेवा समिति ने स्वरूप नगर में सामुदायिक केन्द्र बनवाने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**श्री** निष्काम सेवा समिति के अध्यक्ष प्रदीप जिन्दल ने दिल्ली के स्वरूप नगर इलाके में सामुदायिक केन्द्र बनवाने की सरकार से मांग की। श्री जिन्दल ने बताया कि दिल्ली के उपराज्यपाल, महापौर, दिल्ली नगर निगम के कमिश्नर, विधायक अजेश यादव, निगम पार्षद जोगिन्द्र सिंह बंटी को पत्र लिखा है और उसमें मांग की है स्वरूप नगर इलाके में सामुदायिक केन्द्र बनवाया जाये। प्रदीप जिन्दल ने बताया कि मैंने पत्र में लिखा है कि इस क्षेत्र में अधिकांश लोग गरीब श्रेणी के है। इनको किसी भी कार्यक्रम के लिए स्वरूप नगर से बाहर के क्षेत्र में जाना



पड़ता है। जो इनके बजट से बाहर होता है, जिसके चलते यहां के निवासी परेशान होते है। उन्होंने बताया कि स्वरूप नगर में निजि सामुदायिक भवन बने हुए है, जो अत्यंत महंगे है। इसलिए मेरी सरकार से मांग है कि जल्द से जल्द सरकार स्वरूप नगर में सामुदायिक केन्द्र बनवाये।

**जिंदल ने लिखा पत्र...**

= प्रदीप जिन्दल ने दिल्ली के उपराज्यपाल, महापौर, एमसीडी कमिश्नर, बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव, निगम पार्षद जोगिन्द्र सिंह बंटी को लिखा पत्र।

= सरकार जल्द से जल्द से बनाये स्वरूप नगर में सामुदायिक केन्द्र: प्रदीप जिंदल

# विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अन्य पिछड़ा** वर्ग आयोग दिल्ली सरकार द्वारा विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोग द्वारा "कलम के सिपाही" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आयोग के चेयरमैन जगदीश यादव, आयोग के सचिव रंजीत सिंह, प्रबुद्ध समाजसेवी डा.भरत झा द्वारा पत्रकारों एवं मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्वामी शैलेशानंद जी महाराज वेदाश्रम पीठाशीश्वर, फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, डॉक्टर धर्मपाल भारद्वाज अतिथि रूप में उपस्थित रहे। सम्मान समारोह में आयोग द्वारा स्मृति चिह्न व प्रस्सति पत्र प्रदान कर करीब 50 मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जगदीश यादव सहित सचिव रणजीत सिंह, पूर्व फायर चीफ दिल्ली राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित डॉक्टर धर्मपाल भारद्वाज भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य रूप से आयोजक जगदीश यादव जी ने कहा की प्रेस किसी भी समाज का आईना होता है, लोकतांत्रिक देश में प्रेस की स्वतंत्रता एक मौलिक जरूरत है। इस अवसर पर आयोग के सचिव रंजीत सिंह ने कहा की समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होना चाहिए।

# लाल बाग इलाके में श्रीमद् भागवत कथा से पहले निकाली गई कलश यात्रा







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के लाल बाग इलाके में संगम पार्क मित्र मंडल के सौजन्य से श्री भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा से पहले विशाल कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा लाल बाग के कई इलाको से होते हुए कथा स्थल रामलीला पार्क पर आकर सपन्न हुई। जगह-जगह कलश यात्रा का क्षेत्र के लोगों ने स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गोयल देवराहा, युवा समाजसेवी कपिल नागर, मॉडल टाउन क्षेत्र के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी, जिला मंत्री भाजपा संजीव रोड़े, निगम पार्षद सुशील कुमार, पूर्व पार्षद माधव प्रसाद, पूर्व पार्षद रिंकू माथुर के अलावा पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल यादव, हरिशंकर बाबू, लाल बाबू, देवेन्द्र सिंह, ललिता देवी, ममता देवी, पिंकी, विवान सिंह राजपूत, दिलीप अकेला, पूनम, पिंकी, मीरा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जहांगीरपुरी वार्ड में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने चलाया विशेष अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वार्ड**-18 जहांगीर पुरी वार्ड के अन्तर्गत आने वाले इलाको में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के द्वारा कई अभियान चलाये गये। इस मौके पर पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने बताया कि डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया सहित मच्छरजनित बीमारियों के रोकथाम हेतू लगातार दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि कर्मचारी घर-घर जाकर सर्वे कर रहे है और लोगो को जागरूक कर रहे है। इसी कड़ी में जहांगीरपुरी के आई



ब्लॉक 250 से 450 तक एवं कलंदर कॉलोनी में दवाई का छिड़काव कराया गया। उन्होंने आगे बताया कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रही हूं ताकि जनता को परेशान न होना पड़े।

## दिल्ली प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय में पीएचडी की दाखिला प्रक्रिया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार अपने उच्च शिक्षा संस्थानों में रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा दे रही है। इस दिशा में केजरीवाल सरकार के दिल्ली प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय में पीएचडी कोर्सेज में दाखिले की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। पीएचडी कोर्सेज में दाखिला लेने के इच्छुक अभ्यर्थी पांच मई से नौ जून तक डीटीयू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 16 विभागों के 24 डिसिप्लिन में पीएचडी के लिए आवेदन कर सकेंगे।

इस बाबत उच्च शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार हमेशा अपने उच्च शिक्षा संस्थानों में रिसर्च को बढ़ावा देने को प्राथमिकता देती है। इस दिशा में डीटीयू में 21वीं सदी के पीएचडी कोर्सेज के माध्यम से केजरीवाल सरकार रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि इन पीएचडी कोर्सेज में शामिल होने वाले अभ्यर्थी अपने रिसर्च के माध्यम से उच्च शिक्षा और टेक्नोलॉजी को नई दिशा देंगे।

इनके रिसर्च में से ही कई ऐसे रिसर्च सामने आयेंगे, जो भविष्य में कई नए बदलाव लाने में मददगार होंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के उच्च शिक्षा संस्थान इस बात का निर्धारण करते है कि देश किन ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।



वजीरपुर क्षेत्र में आयोजित तमिल समाज के कार्यक्रम में भाग लेते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

# हेरिटेज इंडिया परिवार ने मनाया जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के बुराड़ी स्थित सेंट कॉन्वेंट स्कूल में हेरिटेज इंडिया परिवार ने अपने राष्ट्रीय सलाहकार आदेश भारद्वाज का जन्मदिन को बड़े ही धूमधाम से मनाया।

आपको बतादें कि संस्था इसदिन को वरिष्ठ नागरिक अधिकार दिवस के रूप में मनाती हैं और बुजुर्गों का सम्मान भी करती है।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष हेरिटेज इंडिया परिवार के मुखिया सत्य नारायण दुबे ने आदेश भारद्वाज की दीघार्यु व उत्तम स्वास्थ्य कामना की और कहा कि इसी तरह से आदेश भारद्वाज





समाज में उत्कृष्ट कार्य करते रहे। उन्होंने आगे कहा कि जब भी हमें किसी प्रकार की आवश्यकता होती है, तब आदेश भारद्वाज बढ़-चढ़कर उसमें हिस्सा लेते हैं और हमारी संस्था के कार्यों को पूरा करने में सहयोग करते हैं। इस अवसर पर एसएम दुबे और हेरीटेज इंडिया परिवार के सभी सदस्यों ने आदेश भारद्वाज को हेरिटेज रत्न अवॉर्ड-2023 देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जरूरतमंद लोगों को वस्त्र भी वितरित किए गए व समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस दौरान बच्चों को पुरस्कार भी दिए गए। इस अवसर पर रामप्यारी ने आदेश भारद्वाज के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर हैप्पी बर्थडे टू यू गीत गाकर समा बांध दिया। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं में कपिल इंदौरिया, बृजलाल बाल, फाउंडेशन के अध्यक्ष एमसी शुक्ला, संतोष पांडे, डॉक्टर नैंसी जुनेज, सुशीला त्रिपाठी, चंचल कैन, अनुराधा एडवोकेट गिल, सतीश त्यागी, संजय भारद्वाज, डॉक्टर एसपी सिंह, रामविलास शर्मा, सुमंत मलिक, आशीष कुमार, एडवोकेट अश्विनी हरदेव यादव, एमसी शुक्ला, बी आर चौधरी, नेत्रपाल, नववा राम प्रधान सहित सैकड़ों लोगों ने आदेश भारद्वाज को जन्मदिन की बधाई दी।

# पहलवानों के समर्थन में जंतर-मंतर पहुंचे मेयर

## पहलवान देश का गौरव, खिलाड़ियों के साथ राजनीति ना करे सरकार : निखिल मदान, मेयर निखिल मदान ने पहलवान बजरंग पुनिया से मिलकर हर संभव सहयोग का दिया भरोसा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/नगर निगम** मेयर निखिल मदान वीरवार को विधायक सुरेंद्र पंवार, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, सीनियर डिप्टी मेयर औ? डिप्टी मेयर सहित साथी पार्षदों के साथ जंतर मंतर पर पहुंचे और वहाँ धरना दे रहे पहलवानों को अपना समर्थन दिया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि आज देश की बेटियां सिर्फ न्याय मांग रही है, लेकिन सरकार लगातार उनकी आवाज दबाने में लगी हुई है। सरकार की कार्यशैली से ऐसा लगता है सरकार ने जाँच कमेटियों का गठन इस मामले में आरोपी भाजपा सांसद ब्रजभूषण को शरण और संरक्षण देने के लिये किया था।



आज देश में खेलो इंडिया और बेटी बचाओ के नारे खोखले दिखायी दे रहे हैं। भारतीय समाज में बेटी की इज्जत सारे देश की इज्जत होती है लेकिन लगता है सरकार को भारतीय संस्कारों से कोई सरोकार नहीं है। इस दौरान मेयर निखिल मदान ने काफी देर तक अंतर्राष्ट्रीय पहलवान बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट और अन्य खिलाडियों के साथ एकांत में बैठकर उनसे बात की, उनके दर्द को सुना और आश्वासन दिया कि बेटियों के संघर्ष में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह उनके साथ हैं। मेयर निखिल मदान

**▶▶हमारे चैंपियनों को सड़क पर अपनी ही सरकार के खिलाफ न्याय प्राप्ति के लिये भी जोर आजमाइश करनी पड़ेगी**

ने कहा कि देशवासियों ने कभी नही सोचा था कि हमारे चैंपियनों को सड़क पर अपनी ही सरकार के खिलाफ न्याय प्राप्ति के लिये भी जोर आजमाइश करनी पड़ेगी।

देश की बेटियों को न्याय मिले ये भावना पूरे देश की है और अपनी बेटियों को न्याय दिलाने का मुद्दा राजनीति का नहीं बल्कि देशहित का मुद्दा है। न्याय की इस लड़ाई में हम अपने भाई बहनों को अकेला नहीं पड़ने देंगे, उनके साथ खड़े हैं और खड़े रहेंगे। साथ ही उनकी सरकार से यही माँग है कि इस मामले में जल्द से जल्द आरोपी पर कड़ी कार्यवाही की जाए ताकि लोगों का भारतीय न्याय प्रणाली में विश्वास बहाल हो। इस मौके पर सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा,डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत,निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, निगम पार्षद मोनिका नागर, निगम पार्षद नीतू दहिया, पार्षद बिजेंद्र मलिक, पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण सैनी,ओजस मदान,पूर्व पार्षद संजय, दिनेश हुड्डा, हरेंद्र राठी, कुलदीप वत्स, प्रो बंसीलाल कुंडू, शुभम शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# विकास कार्यों के संबंध में डीसी ने की सरपंचों के साथ बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**

उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस ने आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ देने व गांव में विकास कार्य करवाने के संबंध में आज लघु सचिवालय में खंड नांगल चौधरी के विभिन्न गांवों के सरपंचों के साथ बैठक की। डीसी मोनिका गुप्ता आईएएस ने सरपंचों से कहा कि आमजन को सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक करें ताकि आमजन को सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि 2 मई से 25 मई तक जिला के प्रत्येक खंड में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत मेले लगाए जा रहे हैं। लोगों को इन मेलों के बारे में जागरूक करें ताकि वे सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि 5 व 6 मई को राजकीय कॉलेज निजामपुर में अंत्योदय मेला लगेगा। अधिक से अधिक लोगों को इस मेले का फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में कुछ हासिल करने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। सभी स्कूलों में बच्चों के लिए बिजली, पानी, बैठने व खेलने की सभी मूलभूत सुविधाएं होनी चाहिए। डीसी ने सरपंचों से बाल विवाह के बारे में कहा कि गांवों में बाल विवाह न करने के बारे में जागरूक करें। बाल विवाह एक कानूनी अपराध है। बाल विवाह करने से लड़की

**▶▶ आमजन को सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक करें ताकि आमजन को सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सकें**

और लड़के दोनों का ही ठीक से शारीरिक विकास नहीं हो पाता है। सरपंचों का दायित्व बनता है कि अपने अपने गांव में बाल विवाह से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करें तथा इसके बाद भी अगर बाल विवाह होता है तो उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। इस मौके पर गांव के सरपंचों ने भी गांव में शिक्षा, बिजली, पानी, सड़क से संबंधित समस्याएं रखीं। उन्होंने गांव में पशुओं के पीने के पानी के लिए जोहड़ों में पानी भरवाने, बच्चों के पढ़ने के लिए लाइब्रेरी बनवाने, क्षेत्र में चल रही माइनिंग से स्वास्थ्य पर पड़ रहे दुष्प्रभाव से संबंधित समस्याएं रखी। इस पर उपायुक्त ने सरपंचों को आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का जल्द ही समाधान करवाया जाएगा।

इस अवसर पर एसडीएम मनोज कुमार, बीडीपीओ प्रमोद कुमार के अलावा गांव दोखेरा से सरपंच सुशीला, बखरीजा से केला बाई, नांगल दुर्गु से पूरणमल, गोलवा से प्रकाश सिंह व रावता की ढाणी से सरपंच रणसिंह मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### वी के उपभोक्ता अब वी ऐप के जरिए रीचार्ज पर पा सकते हैं 5 जीबी एक्स्ट्रा डेटा

**गुरुग्राम।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी अपने उपभोक्ताओं के लिए लेकर आए हैं आकर्षक महा रीचार्ज ऑफर, जिसके तहत उपभोक्ता वी ऐप के जरिए रीचार्ज करने पर बिना किसी अतिरिक्त लागत के अतिरिक्त डेटा के फायदे पा सकते हैं। रु 299 या अधिक का रीचार्ज करने पर बिना किसी अतिरिक्त लागत के 5 जीबी अतिरिक्त डेटा मिलेगा (3 दिनों के लिए वैलिड)। इसी तरह रु 199 और रु 299 के बीच रीचार्ज करने पर बिना किसी अतिरिक्त लागत के 2 जीबी अतिरिक्त डेटा मिलेगा (3 दिनों के लिए वैलिड)। वर्तमान में यह लिमिटेड पीरियड ऑफर सिर्फ वी ऐप पर रु 199 एवं अधिक के सभी वी प्रीपेड रीचार्ज के लिए उपलब्ध है। वी के यूजर इस अतिरिक्त डेटा का इस्तेमाल वी मुवीज एण्ड टीवी पर मुवीज देखने, वीडियोज लाईव स्ट्रीम करने या मौजूदा टी20 टूनार्मेन्ट के क्रिकेट मैच देखने के लिए कर सकते हैं। वे वी म्युजिक पर म्युजिक का लुत्फ उठ सकते हैं या चाहें तो खरीददारी, सर्फिंग, चैट, काम या पढ़ाई भी कर सकते हैं। वी के उपभोक्ता वी ऐप पर वे गेम्स का आनंद भी उठा सकते हैं, जो 10 से अधिक लोकप्रिय श्रेणियों में 1200 से अधिक एंड्रोइड एवं एचटीएमएल 5 आधारित मोबाइल गेम्स का शानदार अनुभव प्रदान करता है।

### हिसार रेंज में 984 वाहन चालकों के किए चालान

**हिसार।** हिसार रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव के निर्देशन में गुरूवार को पूरी हिसार रेंज में सीलिंग प्लान के तहत नाकाबंदी करके वाहनों व संदिग्ध लोगों की चेकिंग की। सीलिंग प्लान सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक चला और इस दौरान सभी प्वाइंटों पर पुलिस ने मुस्तैदी से संदिग्ध वाहनों को चैक किया। एडीजीपी श्रीकांत जाधव के नेतृत्व में चलाए गए सीलिंग प्लान के तहत कार्रवाई करते हुए रेंज पुलिस ने चार घंटों के दौरान अपने अपने प्वाइंटों व नाकों पर आने-जाने वाले 8598 वाहनों को चैक किया। सडकों पर लापरवाही कर सड़क नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए रेंज के पांचों जिलों में मोटर वाहन अधिनियम के तहत कुल 984 चालान भी किए गए जिनमें मुख्यतः बिना हेल्मेट, ट्रिपल राइडिंग, ओवर स्पीड, नो पार्किंग जोन में व्हीकल पार्क करने वालों के चालान शामिल हैं जो सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण है। सीलिंग प्लान के दौरान जिला पुलिस हिसार द्वारा 216 चालान, पुलिस जिला हांसी द्वारा 101 चालान, जिला पुलिस जींद द्वारा 232 चालान, जिला पुलिस सिरसा द्वारा 223 चालान व जिला पुलिस फतेहाबाद द्वारा 212 चालान किए गए। पुलिस जिला हांसी में एक आरोपी से 36 बोतल शराब बरामद करते हुए उक्त आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अधीन मुकदमा दर्ज किया है। जिला पुलिस फतेहाबाद द्वारा दो आरोपितों से एक नाजायज पिस्तोल व दो जिंदा कारतूस बरामद करते हुए दोनों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

### अंबाला: किसानों से बोले अनिल विज, मैं तो हर वक्त आपके साथ खड़ा हूं...

**कैथल।** अंबाला रिंग रोड की जद में आई जमीन बचने पर गुरुवार को पंजोखरा साहिब व अन्य गांव के किसान गृह मंत्री अनिल विज के आवास पर उनका धन्यवाद करने के लिए पहुंचे। किसानों ने कहा कि अगर अनिल विज मदद ना करते तो खेतों में खड़ी उनकी फसल खराब हो जाती है। गृह मंत्री अनिल विज ने किसानों से कहा कि मैं तो हर वक्त आपके साथ खड़ा हूं, समस्याओं को हल करवाना मेरी ड्यूटी है। उन्होंने कहा कि अब पंजोखरा साहिब गांव सहित अन्य गांवों से हाईवे (रिंग रोड) निकलेगा। जिसका किसानों सहित कई गांवों के निवासियों को फायदा मिलेगा। गृह मंत्री ने आए किसानों को हाथ जोड़ते हुए कहा कि वह तो हर समय किसानों के साथ खड़े हैं। उन्होंने किसानों से कहा कि अब तो उनके गांवों से हाईवे निकलेगा जिसका किसानों के साथ-साथ संपूर्ण गांववासियों को फायदा होगा। किसानों ने बताया कि अम्बाला में रिंग रोड परियोजना के तहत नेशनल हाईवे अथॉरिटी की ओर से किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया था। मार्च माह में रिंग रोड निर्माण के लिए हाईवे अथॉरिटी द्वारा किसानों को जमीन खाली करने को कहा था।

# अटेली में अंत्योदय मेला संपन्न, आज से 2 दिन निजामपुर में लगेगा मेला

**टीम एक्शन इंडिया/संजय सिंह नारनौल।** गरीब परिवारों का आर्थिक उत्थान करने के लिए राजकीय महिला कॉलेज अटेली में लगाया गया तीन दिवसीय अंत्योदय मेला आज संपन्न हुआ। तीन दिनों में लगभग 325 लाभार्थियों ने मेले में आकर सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़ने के लिए अपना पंजीकरण करवाया। अब 5 व 6 मई को राजकीय कॉलेज निजामपुर में अंत्योदय मेला लगेगा। निजामपुर में लगने वाले इस मेले में 880 लाभार्थियों को बुलाया गया है।



यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत अब दो दिन तक निजामपुर में लगने वाले इस अंत्योदय मेले को लेकर जिला प्रशासन ने सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए से नीचे है उन परिवारों को इन मेलों में बुलाया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना को लेकर पूरी गंभीरता के साथ कार्य करें ताकि इन परिवारों को मुख्यधारा में लाया जा सके। यह योजना गरीब परिवारों के उत्थान पर केंद्रित है। इन मेलों में आने वाले आवेदन पर मौके पर ही कार्यवाही शुरू कर दी जाती है। विभिन्न योजना के तहत ऋण देने के लिए सभी बैंक प्रतिनिधि मौके पर ही मौजूद रहते हैं। साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी स्टाल लगाकर योजनाओं के लिए मौके पर ही आवेदन करवा रहे हैं।

## नशीला पदार्थ रखने के आरोप में दो अरेस्ट

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )जिला** पुलिस कुरुक्षेत्र ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया के निदेर्शानुसार नशीला पदार्थ तस्करों पर शिकंजा कसते हुए एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में लाभ सिंह उर्फ लाभा पुत्र भुपिन्द्र सिंह वासी लालडू पंजाब को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 6 किलो 750 ग्राम चूरापोस्त बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि दिनांक 04 मई 2023 को एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी निरीक्षक मंदीप सिंह के मार्ग निर्देश में उप निरीक्षक नरेश कुमार, राजपाल, हवलदार सतीश कुमार, पवन कुमार व सिपाही कृष्ण की टीम अपराध तलाश के संबंध में गुमथलागडू मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि लाभ सिंह उर्फ लाभा पुत्र भुपिन्द्र सिंह वासी लालडू पंजाब अपने कैन्टर नम्बर पीबी-11सीबी-7737 मे माल लोड करके राजस्थान व मध्यप्रदेश जाता है। जो वापसी में आते समय अपने कैन्टर मे चूरापोस्त भी लेकर आता है। जो आज भी लाभ सिंह अपने कैंटर मे राजस्थान से सामान के साथ चूरापोस्त लेकर पेहवा से होता हुआ जीरकपुर पंजाब जाएगा। अगर गांव भोरिया पेहवा के पास हाईवे पर नाकाबंदी की जाए तो वह चूरापोस्त सहित काबू आ सकता है।

# इलाके की कायाकल्प के लिए होगा जनसम्मान समारोह, सभी तैयारियां पूरी

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**

**गांव** गहली में सात मई को जन सम्मान समारोह को भव्य बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसमें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे तथा उनके द्वारा करवाए गए विकास कार्यों के लिए न केवल गांव गहली, अपितु आसपास की ग्राम पंचायतों द्वारा उनका सम्मान किया जाएगा। यह जानकारी जनसम्मान समारोह के आयोजक एवं जजपा के जिला प्रवक्ता ने दी। वह दोपहर को रेवाड़ी रोड स्थित एक होटल में पत्रकारवार्ता से संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर



प्रवक्ता ने बताया कि डिप्टी सीएम इस दौरान क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन भी करेंगे। इस सभा को सफल बनाने के लिए जजपा पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकजुटता से जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार में दक्षिणी हरियाणा की कायाकल्प हुई है। पहले जहां टूटी-फूटी सड़कें होती थी, वहीं अब प्रदेश के अंतिम छोर पर स्थित जिला महेंद्रगढ़ को भी सिक्स लेन नेशनल हाईवे से जोड़ दिया गया है। मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई है।

## नि:शुल्क बोन मिनरल डेंसिटी कैम्प का आयोजन आज

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )श्रीकृष्णा** आयुष विश्वविद्यालय के राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज व अस्पताल में आज निःशुल्क बोन मिनरल डेंसिटी जांच कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कैंप सुबह 9 बजे अस्पताल के शल्य तंत्र विभाग के ओपीडी कमरा नं 14 में लगेगा। कैंप में डेक्सा मशीन की मदद से हड्डियों की मजबूती को जांचा जाएगा। जिससे हड्डियो में मौजूद कैल्शियम व अन्य मिनरल्स की जानकारी मिलती है। पचास वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, कम आयु में गर्भाशय निकलवा चुकी महिलाएं, अक्सर शरीर की हड्डियों में दर्द, जोड़ों में दर्द, पीठ में दर्द

# समाजसेवी संदीप गर्ग ने ग्रामीणों के साथ किये दुख-सुख सांझा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/बाबैन (दलबीर मलिक)**

**स्टआलवआर्ट** फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने गुरुवार को गांव खैरी में डोर टू डोर जाकर परिवारों के सदस्यों के साथ करवाई सेल्फी और उनके साथ सुख-दुख सांझा किये।

समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि वोट लेने से पहले तो नेता हलके की जनता से मुलाकात करने के लिए और अनेकों प्रकार के वादे इरादे बनवाने के लिए पहुंच जाती है। परंतु जब चुनाव हो जाता है तब उसके बाद न तो जीतने वाला विधायक और न ही हारने वाला प्रत्याशी अगले चुनाव



से पहले लोगों से रूबरू होने के लिए नहीं पहुंचते। जिसके कारण लोग अपनी समस्याएं किसी के आगे नहीं बता सकते। उन्होंने कहा कि उन्होंने लाडवा हलके के प्रत्येक गांव में डोर टू डोर लोगों के सुख-दुख साझा करने के लिए एक कार्यक्रम की शुरूआत की है। जिसके तहत पहले भी वह दो-तीन गांवों के लोगों के साथ उनके सुख-दुख साझा करके आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्के का प्रत्येक परिवार उनका अपना परिवार है और उनकी जो भी समस्याएं हैं उनकी अपनी समस्याएं हैं और उनको हल करवाना उनका मुख्य उद्देश्य है। वही गांव के सरपंच सुरेश कुमार ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा जो कार्य किए जा रहे हैं उनकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहां की समाजसेवी संदीप गर्ग का 2024 के लाडवा विधानसभा के चुनाव में लाडवा हलके के विधायक बनना तय है और इससे लाडवा हलके के विकास में तेजी आएगी और वह निस्वार्थ 5 साल तक जनता की सेवा करेंगे। मौके पर संजीव कुमार, जसविंदर सिंह, रामकुमार, रिंकु, रामेश्वर, बालविंदर, राजपाल, महिंदर सिंह, छत्रपाल, लाल सिंह, सोमनाथ, जसमेर सिंह, अंकित कुमार, बलजीत, राहुल कुमार, जॉनी, मलकीत, जरनैल, रणबीर आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# देश की बेटियों का अपमान नहीं सहेगी जनता: मलौर

**टीम एक्शन इंडिया अंबाला (मनीष कुमार)**

**पूर्व विधायक** एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जसबीर मलौर ने कहा कि हरियाणा की बेटियां ओलम्पिक और अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश के लिए मैडल जीत कर 142 करोड़ देशवासियों का गौरव बड़ा रही है । भाजपा की सरकार इन होनहार बेटियों को न्याय दिलवाने की बजाए उनका तिस्कार कर रही है। मलौर ने कहा कि जब कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सासंद दीपेन्द्र हुड्डा जी जब अकेले धरना स्थल पर गए तो उन्हे डिटेन कर लिया गया । आज देश में अघोषित इमरजेसीं जैसे हालात हैं । जिन बेटियों को पूरा देश सर आंखों पर बैठाता है भाजपा की सरकार अपने सांसद को बचाने के लिए होनहार बेटियो को सड़कों पर धरना देने के लिये मजबूर कर रही है। देश के खिलाड़ियों के पक्ष में जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में श्री मलौर ने कहा कि सरकार को तुरंत बृजभूषण सिंह को उनके पद से बर्खास्त करके उस पर मुकदमा दर्ज करवाना चाहिए था लेकिन सरकार महिला खिलाड़ियों से यौन शोषण जैसे गंभीर आरोपों के बावजूद कुश्ती संघ के अध्यक्ष को बचाने में लगी हुई है। पिछले 9 वर्षों से देश जनता की आवाज बंद करवा कर जनता को जबरदस्ती मन की बात सुनाने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस संवेदनशील मुद्दे पर मौन धारण किये हुये है।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का ढिंढोरा पीटने वाले हरियाणा के मुख्यमंत्री भी हरियाणा की बेटियों को



न्याय दिलवाने की बजाय अपनी सरकार बचाने के लिये प्रधानमंत्री की चापलूसी करने में मशरूफ है। पुर्व विधायक ने कहा कि भाजपा की सरकार और कुश्ती संघ के अध्यक्ष अपने आपको देश के कानून से भी उपर समझते है। माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश पोक्सो एक्ट के तहत एफ आई आर दर्ज होने के बावजूद भी अभी तक आरोपी सांसद के विरुद्ध कोई करवाई नही की गई। सत्ता के नशे में चूर भाजपा के लोग हर नागरिक की आवाज को दबाने का प्रयास कर रहे और इस बात को भूले बैठे है कि प्रजातंत्र में फाइनल फैसला जनता ही करती है। हरियाणा की ये होनहार बेटियां जब देश के लिये मैडल जीत कर लाती है तो प्रधानमंत्री से लेकर भाजपा के छुटभैया नेता भी खिलाड़ियों के साथ अपनी फोटो के बड़े बड़े फ्लेक्स लगवाकर राजनैतिक लाभ लेने की होड़ में रहते है लेकिन अब जब बेटियों को न्याय दिलवाने का वक़्त है ये सभी नेता बिल में छिपकर बैठे हुये है। उन्होंने कहा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और पूरी कांग्रेस पार्टी खिलाड़ियों को न्याय दिलवाने की लडाई में उनके साथ खड़ी और आरोपी को सजा दिलवाकर की रहेगी।

# 'कुछ लोग राजनीतिक माहौल खराब करने की कोशिश में'

## शहर के कांग्रेस भवन के होर्डिंग पर कुमारी सैलजा व अन्य नेताओं पर पोती कालिख

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**अंबाला** शहर के कांग्रेस भवन के बाहर लगे होर्डिंगस पर कांग्रेस की महासचिव कुमारी शैलजा, कांग्रेस नेता एवं पार्षद मिथुन वर्मा और देवेंद्र वर्मा की फोटो पर कालिख पोत दी गई भवन की दीवार पर बजरंग दल व जय श्री राम के नारे भी लिखे। इस घटना को कर्नाटक में कांग्रेस द्वारा बजरंग दल पर बैन करने के वादे से के ब्यान से जोड़ा जा रहा है। इस घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता मौके पर इक्कठा हो गए। जिसमें वरिष्ठ नेता



मिथुन वर्मा, दवेंद्र बजाज, कुलदीप गुल्लू, दवेंद्र वर्मा ने इस घटना की निंदा की और कहा कि यह शरारती तत्वों का काम है जोकि राजनीतिक माहौल खराब करने की कोशिश में हैं। जिसने भी यह कृत्य किया है वह घोर निंदनीय है। उधर कांग्रेसी नेताओं ने इसकी शिकयत पुलिस को दे दी है। शिकायत में मांग की गई है कि जिस भी व्यक्ति ने यह कार्य कर कर शहर में फिरका परस्ती फैला कर शांति प्रिय अंबाला शहर का माहौल खराब करने की कोशिश की है उसके खिलाफ कार्यवाई की जाएगी। शिकायत में कहा गया है कि भगवान श्री बजरंग बली जी का नाम दीवारों पर पौत कर अंबाला शहर में धर्म के नाम पर दंगे करवाने की कोशिश की गई। इसे जल्द से जल्द गिरफतार किया जाए। उधर बीते दिन हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने ट्वीट करके कांग्रेस को आडे हाथों लिया था। विज ने लिखा था कि पहले कांग्रेस ने राम मंदिर निर्माण में अड़चनें डाल कर श्रीराम जी की नाराजगी मोल ली थी तो कांग्रेस अपने पैरों पर खड़ा होने लायक नहीं बची थी।

# सरकारी विद्यालय ठोल में मुफ्त बेल्ट वितरण

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**जगदीश** चंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठोल , कुरुक्षेत्र में सरपंच प्रतिनिधि श्री बलिन्दर सिंह सांगवान द्वारा सभी विद्यार्थियों को मुफ्त बेल्ट का वितरण किया गया। यह शुभ कार्य सरपंच रूमा सांगवान व अन्य पंच साथियों की मौजूदगी में पूर्ण किया गया।बलिंदर सांगवान जी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा की समय रहते वार्षिक परीक्षा की उचित तैयारी करनी चाहिए और अच्छे अंक लेकर परीक्षा को उत्तीर्ण करना ही सभी विद्यार्थियों का लक्ष्य होना चाहिए।विद्यालय में प्रातः कालीन सभा में विद्यार्थियों को अग्निशमन का प्रशिक्षण भी विशेषज्ञ गौरव नंदा जी द्वारा दिया गया। विद्यालय के कुछ चुनिंदा विद्यार्थियों ने भी आग को बुझाने व उस पर काबू पाने की कला को सीखा।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य श्रीमती सीमा आर्य जी ने की, सीमा जी ने बताया कि बलिंदर सिंह सांगवान जी बहुत ही नेक कार्य कर रहे हैं और आने वाले समय में उन्होंने विद्यालय को एक वाटर कूलर दान स्वरूप देने व सभी बच्चों के आइडेंटिटी कार्ड भी बनाने का वादा किया है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Fro- t Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 05 मई 2023 ▸ पृष्ठ 10 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# कर्नाटक: आपराधिक केस वाले प्रत्याशियों की भरमार

## 581 यानी लगभग 22% प्रत्याशी ऐसे हैं जिनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं: एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स

**रिपोर्ट**

**गगनचुंबी वादों के साथ-साथ इन पार्टियों को दबंग और करोड़पति प्रत्याशियों की भी दरकार रहती है**

**टीम एक्शन इंडिया/बंगलुरू**
**राजनीति** में अपराधियों की पैठ को रोकने के लिए जाने कब से बहस चल रही है। कितने ही प्रयास हो चुके, लेकिन कोई भी राजनीतिक पार्टी इस तरफ कोई विचार नहीं करना चाहती। कोई निर्णय नहीं लेना चाहती। दरअसल, लुभावनी घोषणाओं और गगनचुंबी वादों के साथ-साथ इन पार्टियों को दबंग और करोड़पति प्रत्याशियों की भी दरकार रहती है। अगर आज के संदर्भ में बिना लाग-लपेट के कुछ कहा जाए तो सार यह सामने आता है कि राजनीति अब डर और पैसे के दंभ का व्यवसाय हो गया है। एक जमाना था जब एक धोती-कुर्ता में लोग चुनाव लड़ लेते थे और जीत भी जाया करते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। लोकसभा और विधानसभा तो छोड़िए, नगर निगम का चुनाव लड़ने में भी अब करोड़ों फूंक दिए जाते हैं। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के आँकड़ों के अनुसार कर्नाटक में जो चुनाव होने जा रहे हैं, उनमें खड़े कुल 2615 प्रत्याशियों में राष्ट्रीय पार्टियों के 790, राज्य स्तरीय पार्टियों के 255, रजिस्टर्ड पार्टियों के 640 और 901 निर्दलीय प्रत्याशी हैं। ADR के अनुसार कर्नाटक में जो चुनाव होने जा रहे हैं, उनमें राष्ट्रीय पार्टियों के 790 प्रत्याशी हैं। ये तो हुए पार्टी स्तर के आँकड़े, चौंकाने वाले आँकड़े आगे हैं। इनके अनुसार 581 यानी लगभग 22% प्रत्याशी ऐसे हैं जिनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनके अलावा 404 यानी सोलह प्रतिशत प्रत्याशी तो ऐसे भी हैं जिनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।



## विधानसभा चुनाव: छोटे दल बन सकते हैं जीत में बाधक

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरू/हासन/मंगलुरू**
**कर्नाटक** में सीधी टक्कर भाजपा और कांग्रेस के बीच है। तीसरी ताकत खऊर की चिंता राज्य में छोटे दलों ने बढ़ा दी है। ये दल इन तीनों दलों के चुनावी प्रचार को खासा प्रभावित कर रहे हैं। राज्य में आम आदमी पार्टी, बसपा, उत्तम प्रजाकिया पार्टी, वामपंथी दल, कर्नाटक राष्ट्र समिति, कल्याण राज्य प्रगति पक्ष जैसे छोटे दलों ने बड़ी संख्या में अपने प्रत्याशी उतारे हैं। आप पिछले चुनाव में जहां सिर्फ 28 सीट पर चुनाव लड़ी थी इस बार 213 सीट पर लड़ रही है। बसपा का पिछले चुनाव में जेडीएस के साथ गठबंधन था, लेकिन इस बार पार्टी अकेले 137 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। हालांकि, भाजपा और कांग्रेस की असली चिंता कर्नाटक मूल के स्थानीय छोटे दलों से हैं। कर्नाटक राष्ट्र समिति ठीक उसी थीम पर चुनाव लड़ रही है जिस भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आप ने दिल्ली में आगाज किया था। इस पार्टी के कार्यकर्ता अधिकारियों और कर्मचारियों के रिश्वत लेने के वीडियो और दूसरे सबूत सार्वजनिक करते आए हैं। इसी तरह कल्याण कर्नाटक क्षेत्र (बेल्लारी) में भाजपा के विधायक रहे जी. जनार्दन रेड्डी की पार्टी कल्याण राज्य प्रगति पक्ष ने 49 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं।



**सीधी टक्कर**

**आप पिछले चुनाव में जहां सिर्फ 28 सीट पर चुनाव लड़ी थी इस बार 213 सीट पर लड़ रही है**

**फिल्म स्टार उपेंद्र की पार्टी की महिला, युवाओं में पैठ:** कन्नड फिल्म स्टार उपेंद्र की उत्तम प्रजाकिया पार्टी चुनाव मैदान में हैं।
इस पार्टी के प्रत्याशी युवा और महिलाओं के बीच अच्छी पैठ रखने के लिए जाने जाते हैं। मुख्य दलों को असली चिंता यह है कि यदि दो प्रत्याशियों के बीच वोटों का अंतर कम हो तो ऐसे में 1,000 से लेकर 10,000 वोट खींच लिए तो उनकी संभावनाओं पर असर हो सकता है।

## न्यूज फ्लैश

### आदि कैलाश यात्रा का पहला दल काठगोदाम से हुआ रवाना

**हल्द्वानी:** कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) की ओर से संचालित आदि कैलाश यात्रा आज से शुरू हो गई है। हल्द्वानी के काठगोदाम से शुरू होने वाली आठ दिवसीय यात्रा का पहला पड़ाव पिथौरागढ़ है। उच्च हिमालय क्षेत्र में लगातार बारिश और हिमपात के चलते यात्रियों के लिए यह यात्रा साहस और खूबसूरती से भरी होगी। आदि कैलाश यात्रा का पहला दल, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से 19 यात्री हैं। काठगोदाम स्थित कुमाऊं मंडल विकास निगम के गेस्ट हाउस में आदि कैलाश यात्रियों का केएमवीएन के एमडी विनीत तोमर,जीएम एपी वाजपेई ने अपने विभागीय कर्मचारियों के साथ भव्य स्वागत किया और यात्रियों से आग्रह किया कि यात्रा के दौरान उच्च हिमालय क्षेत्र में किसी भी तरह की दिक्कत होने पर वे तत्काल यात्रा गाइड को सूचित करें। यात्रियों ने बताया कि वे आदि कैलाश की यात्रा को लेकर बेहद उत्साहित हैं, उन्हें बाबा भोलेनाथ के दर्शन का सौभाग्य मिला है।

### राहुल गांधी ने की मणिपुर के लोगों से शांति की अपील

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मणिपुर में हुई हिंसा पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य के लोगों से शांति की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को सामान्य स्थिति बहाल करने पर ध्यान देना चाहिए। राहुल गांधी ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि वे मणिपुर की तेजी से बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर चिंतित हैं। प्रधानमंत्री मोदी को शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने पर ध्यान देना चाहिए। हम मणिपुर के लोगों से शांत रहने का आग्रह करते हैं। उल्लेखनीय है कि कि मणिपुर में आदिवासी आंदोलन के दौरान बुधवार को राज्य के कई जिलों में हिंसा भड़क गई, जिसके बाद राज्य सरकार ने अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं। इसके अलावा इंफाल पश्चिम, काकचिंग, थौबल, जिरिबाम, बिष्णुपुर, चुराचांदपुर, कांगपोकपी और तेंगनौपाल जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। राज्य में मैतेई समुदाय को एसटी श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग के विरोध में कल एक रैली का आयोजन हुआ था। ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर ने इस रैली का आयोजन किया था। इस दौरान हिंसा भड़क गई। प्रदर्शनकारियों ने कई घरों में तोड़फोड़ की। इस दौरान तोरबंग इलाके में आदिवासियों और गैर-आदिवासियों के बीच हिंसा भड़क गई, जिसके बाद कई और जिलों से भी हिंसा की खबरें आई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे।

## छग में सड़क हादसा, 11 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/बालोद/धमतरी/कांकेर**
छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में बुधवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के 11 लोगों की मौत हो गई है। सभी शादी समारोह में बोलेरो से जा रहे थे। रास्ते में ट्रक ने गाड़ी को टक्कर मार दी। इसके चलते मौके पर ही सभी की मौत हो गई। एक घायल डेढ़ साल की बच्ची ने रायपुर ले जाते वक्त दम तोड़ा है। सीएम बघेल ने मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपए मुआवजे का ऐलान किया है। जानकारी के मुताबिक, धमतरी जिले के सोरेम गांव का साहू परिवार कांकेर जा रहा था। बुधवार रात को करीब 9.30 बजे इनकी गाड़ी नेशनल हाईवे-30 पर बालोद के जगतरा पहुंची। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक ने बोलेरो को टक्कर मार दी। मौके पर ही एक बच्चे, 5 महिला और 4 पुरुषों की मौत हो गई। फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है। हादसा इतना जबरदस्त था कि एक पुरुष का सिर कटकर अलग हो गया। पास बैठी महिला रो रही थी।

**भीषण हादसा**

**फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है। हादसा इतना जबरदस्त था कि एक पुरुष का सिर कटकर अलग हो गया**




रूस के विदेश मंत्री और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर चर्चा में भाग लेते हुए।

## मणिपुर में हिंसा: बॉक्सर मैरी कॉम ने मांगी केन्द्र से मदद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मणिपुर** में मैतेई समुदाय को एसटी श्रेणी में शामिल करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन में भड़की हिंसा को लेकर बॉक्सर और पूर्व राज्यसभा सांसद मैरी कॉम काफी चिंतित हैं। मणिपुर राज्य में ये सब होते देख भारतीय महिला मुक्केबाज मैरी कॉम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मदद मांगी है। मैरी कॉम ने ट्वीट करके कहा कि अभी हालात बहुत खराब हैं। इसलिए वह अच्छा महसूस नहीं कर रही हैं। उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार से इसके लिए कदम उठाने और राज्य में शांति और सुरक्षा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस हिंसा में कुछ लोगों ने अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया। मैतेई समुदाय को एसटी श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग के विरोध में तीन मई को रैली का आयोजन हुआ था।

**मदद की अपील**

**मैरी कॉम ने ट्वीट करके कहा कि अभी हालात बहुत खराब हैं। इसलिए वह अच्छा महसूस नहीं कर रही हैं**

## एससीओ बैठक: गोवा पहुंचे पाक-चीन के विदेश मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/गोवा**
**चीन** और पाकिस्तान के विदेश मंत्री शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में शामिल होने गुरुवार को गोवा पहुंचे। यहां विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव पहले ही गोवा पहुंच चुके हैं। चीनी विदेश मंत्री किन गांग का विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) शिल्पक अंबुले ने स्वागत किया। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भूट्टो का स्वागत मंत्रालय में संयुक्त सचिव जेपी सिंह ने किया। अपने आगमन पर मीडिया से बात करते हुए पाकिस्तान के विदेश मंत्री भुट्टो ने कहा कि वह एससीओ की बैठक में शामिल होने के लिए गोवा पहुंचने पर काफी खुश हैं। उन्हें उम्मीद है कि विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक सफल होगी। उल्लेखनीय है कि बिलावल भुट्टो 12 वर्षों में भारत का दौरा करने वाले पहले पाकिस्तानी विदेश मंत्री हैं।
जानकारी के अनुसार एसीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक में जुलाई में होने वाले शिखर सम्मेलन के लिए एजेंडा तैयार किया जाएगा। इसमें सुरक्षा, व्यापार और वाणिज्य में सहयोग को बढ़ावा देने के उपाय शामिल हैं। इस बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का एक बयान आया है।
उन्होंने कहा है कि भारत में एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने का पाकिस्तान का निर्णय एससीओ चार्टर और बहुपक्षवाद के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



## भारत-श्रीलंका ने द्विपक्षीय चर्चा की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
श्रीलंका की यात्रा के दूसरे दिन गुरुवार को भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से मुलाकात करके द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने गण्यमान्य व्यक्तियों और सैन्य अधिकारियों के साथ अपनी बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों को बढ़ाने पर सार्थक चर्चा की। उन्होंने भारतीय शांति रक्षा सेना (आईपीकेएफ) स्मारक पर माल्यार्पण कर भारतीय सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया। भारतीय वायुसेना ने गुरुवार को अपने ट्वीट में भारतीय वायुसेना प्रमुख की श्रीलंकाई सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की जानकारी दी और लिखा, 'सीएएस एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी श्रीलंका दौरे के दूसरे दिन प्रधान मंत्री दिनेश गुणावर्धने से मिले और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने रक्षा सचिव जनरल (सेवानिवृत्त) कमल गुणरत्ने, सीडीएस जनरल शैवेंद्र सिल्वा और श्रीलंकाई सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल विकम लियानगे के साथ भी बातचीत की। बातचीत के दौरान वायु सेना प्रमुख ने भारत और श्रीलंका के बीच सैन्य संबंधों को बढ़ाने पर चर्चा की। दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों को बढ़ाने पर भी सार्थक चर्चा हुई। वायु सेना प्रमुख चौधरी ने यात्रा के पहले दिन राष्ट्रपति, रक्षा राज्य मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के साथ-साथ श्रीलंकाई वायु सेना और नौसेना के कमांडरों से मुलाकात की।

**मुलाकात की**

**भारतीय शांति रक्षा सेना स्मारक पर माल्यार्पण कर भारतीय सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया**

## राजस्थान: 11 सड़कों के लिए 79 करोड़ की मंजूरी

**जयपुर:** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में 11 सड़कों के निर्माण के लिए 79 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इससे 63.88 किलोमीटर लंबाई के सड़क विकास कार्य किए जाएंगे। इन कार्यों में एनएच 79 से चरलिया ब्राहमण-कोटडी कलां-रीछमाला होते हुए एनएच-113 तक (16.50 किमी), भरतपुर जिले में करौली मासलपुर सड़क से उ.प्र. बॉर्डर तक (11 किमी), बाड़मेर जिले में रिफायनरी गेट नंबर 3 से एनएच 25 तक दो लेन सड़क (1.83 किमी), हनुमानगढ़ जिले में निमलाई से चौबारा (3.5 किमी) तथा भानगढ़ से रामसरा (4 किमी) सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं।

**सीएम का दावा**

### सिद्धार्थ नगर में विकास बुलेट ट्रेन से से भी तेज गति से हो रहा है

## उत्तर प्रदेश का तेजी से हो रहा विकास: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थनगर जिला** कारागार के सामने मैदान में नगर पालिका परिषद सिद्धार्थ नगर से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार गोविंद माधव के समर्थन में आयोजित चुनावी जन सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नीति आयोग ने देश के 112 जनपदों को आकांक्षी जिले के रूप में चिन्हित किया था। जिसमें सिद्धार्थ नगर जनपद भी शामिल है। यहां का विकास बुलेट ट्रेन से से भी तेज गति से हो रहा है। उन्होंने कहा कि सिद्धार्थ नगर ने स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा,स्किल डेवलपमेंट,चमचमाती सड़क हर क्षेत्र में प्रगति किया है। यहाँ का काला नमक चावल वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ रहा है।उन्होंने कहा कि 2014 के पहले प्रदेश में अराजकता के तांडव का माहौल था।केवल घोषणाएं होती थीं,विकास कार्य कागजों में ही सिमट कर रह जाते थे, लेकिन आज भारत वैश्विक मंच पर गौरव बढ़ा रहा है। कोरोना काल खंड से भाजपा सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रही है।दुनिया के लिए यह कौतूहल व आश्चर्य का विषय बना हुआ है।हमने 2 करोड़ 61 लाख लोगों को शौचालय तथा 15 करोड़ गरीबों को राशन की सुविधा दी है। हम विकास सबका करेंगे लेकिन चेहरा देख कर नहीं ।हम तुष्टिकरण नहीं करेंगे,विकास करेंगे। क्या कोई पहले यह सोचता था कि सिद्धार्थ नगर में मेडिकल कॉलेज,केंद्रीय विद्यालय होगा।हमने भाजपा के पहले प्रदेश अध्यक्ष पं. माधव प्रसाद त्रिपाठी उर्फ माधव बाबू के नाम से जिला मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज बनवाया।अब किसी भी व्यक्ति का इलाज करवाने के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है।



